## एक नजर

### सिद्धपुर गांव में नौ किसानों के केबल-स्टार्टर चोरी

**बिल्सी।** सिद्धपुर चित्रसेन के जंगल में लगे नौ किसानों के निजी नलकूपों के स्टार्टर और केबल चोरी हो गये। गांव निवासी किसान मुन्नालाल, लेखराज, मुनेंद्र पाल, महेंद्र पाल, मिथुन, उदयराज, दयाराम, ओमप्रकाश और खैराती नगर के मुन्नालाल के खेतों में लगे निजी नलकूपों से चोर नौ जुलाई की रात केबल और स्टार्टर को चुराकर ले गए। किसानों ने इसकी सूचना पुलिस को दी है। बताते है कि इससे पहले भी चोर इस गांव के अलावा पिंडौल के जंगलों से भी इसी तरह की घटना को अंजाम दे चुके है। जिसमें पुलिस अभी तक किसी चोर नहीं पकड़ सकी है।

### घायल नीलगाय ने पुलिस चौकी परिसर में तोड़ा दम

**ककराला।** जंगल में लगे कटीले तारों और कुत्तों के हमले से घायल नीलगाय बाउंड्री तोड़कर पुलिस चौकी परिसर में आकर गिर गई और उसकी मौत हो गई। चौकी इंचार्ज ने जेसीबी से गड्ढा खुदवा कर दफन करवा दिया। बुधवार सुबह अलापुर रोड स्थित बैरपुरा जंगल से भागकर बाउंड्री वाल कूदकर एक घायल नीलगाय पुलिस चौकी परिसर में आकर गिर गई और कुछ ही देर में दम तोड़ दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि नील गाय घायल थी और कुत्ते उसे दौड़ा रहे थे। पुलिस चौकी इंचार्ज शैलेंद्र तोमर ने पशु चिकित्सक से परीक्षण कराया और जेसीबी बुलाकर दफन कराया है।

# ऑनलाइन हाजिरी बच्चों व शिक्षक दोनों के लिए सही

## अभिभावक शैक्षिक स्तर सुधारने में नई व्यवस्था को ठहरा रहे सही, बोले- अब शिक्षकों को समय से पहुंचना होगा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** जनपद में 9,216 शिक्षक परिषदीय विद्यालयों में पढ़ाते हैं। इनमें से ज्यादातर बांह पर काली पट्टी बांधकर आनलाइन हाजिरी का विरोध कर रहे हैं। वहीं तीन लाख 16 हजार बच्चे इन विद्यालयों में पढ़ते हैं और इनके भविष्य को लेकर छह लाख से अधिक माता-पिता चिंतित रहते हैं। वह उनके बेहतर भविष्य के सपने संजोते हैं। अपनी क्षमतानुसार उनके लिए बेहतर व्यवस्था देने का प्रयास करते हैं। उनकी अलग चिंताए हैं।

शिक्षक जहां विरोध कर रहे हैं, वहीं अभिभावक ऑनलाइन हाजिरी को उचित ठहरा रहे हैं। उनका कहना है कि ऑनलाइन हाजिरी से पूरी व्यवस्था में पारदर्शिता आएगी। एक तरह इससे जहां शिक्षा का स्तर सुधरेगा। वहीं, दूसरी तरफ नई व्यवस्था से बच्चों का भविष्य सही होगा। अभी बड़े पैमाने पर ऐसे शिक्षक भी हैं जो समय से स्कूल नहीं आते है। कई तो महीने में नाममात्र के बराबर आते हैं। नई व्यवस्था लागू होने से शिक्षक समय से स्कूल आएंगे-जाएंगे। बच्चों को पढ़ाई के दौरानप पूरा समय देंगे। मनचाही छुट्टी लेकर वह घर नहीं जा पाएंगे। इससे बच्चों की जानकारी का स्तर बढ़ेगा। अभिभावक सरकार के फैसले को सही ठहराने के साथ इसकी सरहाना भी कर रहे हैं। उनके अनुसार यह आदेश प्रभावी रूप से लागू होने के बाद स्कूल नियमित खुलने शुरू हो जाएंगे। शिक्षक भी समय पर स्कूल आएंगे। महीने में एक या दो बार आने वाले शिक्षक भी नियमित स्कूल पहुंचेंगे जिसका लाभ उनके बच्चों को मिलेगा।

### सिम प्रेरणा पोर्टल पर रजिस्टर्ड

प्रदेश सरकार ने परिषदीय स्कूलों मे बच्चों और शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति और मिड डे मील विवरण समेत 12 पंजिकाओं को ऑनलाइन करने के निर्देश दिया हुआ है। यह व्यवस्था आठ जुलाई से लागू है जिसका शिक्षक विरोध कर रहे हैं। वह धरना-प्रदर्शन के साथ ही स्कूलों में शिक्षण कार्य हाथ पर काली पट्टी बांध कर रहे हैं। शिक्षकों का कहना है कि टैबलेट को ऑपरेट करने के लिए सिम भी दी गई हैं, लेकिन यह सिम प्रेरणा पोर्टल पर रजिस्टर्ड नहीं किए की गई हैं। अभी तक शिक्षकों के पुराने नंबर ही पोर्टल पर रजिस्टर्ड हैं। ऐसे में टैबलेट से अटेंडेंस नहीं लग सकती। आदेश जारी करने से पहले विभाग को अपनी कमियां दूर करनी चाहिए। साथ ही मौसम परिवर्तन के दौरान स्कूल पहुंचना संभव नहीं रहता है। आधा घंटा लेट पहुंचने अनुपस्थित मान लिया जाएगा। इस आदेश को रद्द करना ही सरकार के लिए बेहतर होगा।



सलारपुर ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय ढकिया में पढ़ाई कराती शिक्षिका।

### जिले परिषदीय स्कूलों की स्थिति

- कुल स्कूल- 2155
- प्राथमिक स्कूल- 1502
- उच्च प्राथमिक स्कूल- 356
- संविलियन स्कूल- 297
- स्कूलों में कार्यरत शिक्षक -9216



मेरा बच्चा गांव के स्कूल में पढ़ रहा है। आर्थिक स्थिति ठीक न होने की वजह से निजी स्कूल में प्रवेश नहीं दिला सकता। लेकिन स्कूल में पढ़ाई का स्तर ठीक नहीं होने से वह कमजोर है। सरकार की नई व्यवस्था से शिक्षा व्यवस्था में सुधार होगा।

**-चंद्रभान**, गांव छीतरपुर महरौली



परिषदीय स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता ठीक नहीं है। शिक्षक समय पर स्कूल नहीं आते। देर आते हैं और जल्दी चले जाते हैं। सरकार द्वारा शुरू की गई नई व्यवस्था से शिक्षकों का समय से आना शुरू हो जाएगा।

**-मनोहर**, गांव छीतरपुर महरौली



परिषदीय स्कूलों में शिक्षकों की मनमानी रहती है। कभी स्कूल आते हैं कभी नहीं आते हैं। पढ़ाई का स्तर भी गिरा हुआ रहता है। शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए सरकार द्वारा उठाया गया कदम बिल्कुल सही है। इससे बच्चों को लाभ मिलेगा।

**-कुन्नू**, गांव भवानीपुर



परिषदीय स्कूलों की स्थिति ठीक नहीं हैं। शिक्षकों के आने जाने का निश्चित समय नहीं रहता है। कई शिक्षक ऐसे हैं जो उपस्थित दर्ज कराने आते हैं। सरकार ने ऑनलाइन हाजिरी व्यवस्था शुरू की है। इससे बच्चों को लाभ होगा।

**-राघव**, गांव भवानीपुर



परिषदीय स्कूल में तीन से साल बच्चा पढ़ रहा है। लेकिन वह पढ़ाई में कमजोर है। शिक्षक कभी स्कूल आते हैं और कभी नहीं भी आते। जिसकी शिकायत भी अधिकारियों से की। लेकिन कोई लाभ नहीं हुआ। नई व्यवस्था से सुधार होगा।

**-विकास गुप्ता**, गांव विजय नगला



शिक्षकों की ऑनलाइन हाजिरी का फैसला सरकार का बिल्कुल सही है। इससे शिक्षक समय पर स्कूल आएंगे। उनके द्वारा की जाने वाली मनमानी पर रोक लगेगी। अगर कोई समस्या है उसमें सुधार को मांग करें। आदेश रद्दा होना गलत होगा।

**-विक्रम मौर्य**, गांव विजय नगला

# दो विद्यालयों में चलता है रोस्टर बारी-बारी से आता है स्टाफ

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र कुमार सिंह ने दहगवां ब्लाक के परिषदीय विद्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं की 80 प्रतिशत उपस्थिति, निपुण लक्ष्य की शत-प्रतिशत वृद्धि, डीबीटी कार्य समय से पूरा करने के शिक्षकों को निर्देश दिए। निरीक्षण में पता चला कि दो विद्यालयों में पूरा स्टाफ रोस्टर बनाकर विद्यालय आता है। कोई भी नियमित नहीं आता। इस पर इंचार्ज प्रधानाध्यापक और शिक्षिका से स्पष्टीकरण मांगा।

बीएसए सुबह आठ बजे प्राथमिक विद्यालय आंतर पहुंचे तो पूरा स्टाफ उपस्थित मिला। विद्यालय में प्रार्थना चल रही थी। बच्चों की उपस्थिति भी ठीक थी। प्राथमिक विद्यालय भीमपुर दोस्तपुर आठ बजकर 43 मिनट पर पहुंचे। वहां साफ-सफाई नहीं थी। इंचार्ज प्रधानाध्यापक प्रेमवीर सिंह द्वारा मानव संपदा पोर्टल पर डाला गया अवकाश अस्वीकृत मिला। शिक्षिका दीपिका शर्मा कई महीनों से एक ही दिन विद्यालय आईं थीं। ज्यादातर अवकाश पर रहती हैं। दो जुलाई से वह लगातार अनुपस्थित चल रही हैं। निरीक्षण में पता चला कि इंचार्ज प्रधानाध्यापक द्वारा साजिश के तहत अवकाश लिए जाते हैं। अन्य के भी अवकाश स्वीकृत किए जाते हैं। स्टाफ का विद्यालय आने-जाने का रोस्टर बना हुआ है। कोई भी शिक्षक लगातार विद्यालय नहीं आता। इंचार्ज प्रधानाध्यापक और शिक्षिका से तीन दिन में स्पष्टीकरण मांगा गया है। प्राथमिक विद्यालय धर्मपुर टप्पा वैश्य में 8:27 बजे प्रधानाध्यापक बादाम सिंह, माधव प्रसाद कौशिक, शिक्षा मित्र शिव नारायण अनुपस्थित थे। तीनों से स्पष्टीकरण तलब किया। उच्च प्राथमिक विद्यालय विजय गढ़ी में नामांकन के सापेक्ष ठीक उपस्थिति रही। यहीं के प्राथमिक विद्यालय में सुबह 9.02 बजे इंचार्ज प्रधानाध्यापक ब्रजभूषण, शिक्षक अशोक कुमार द्वारा मानव संपदा पोर्टल पर सुबह आठ बजे ही आकस्मिक अवकाश डला मिला जो स्वीकृत नहीं हुआ था। यहां भी एक ग्रामीण राम अवतार शर्मा और प्रधान ने बताया कि शिक्षक बारी-बारी से विद्यालय आते हैं। आते भी हैं तो कुर्सी पर बैठकर मोबाइल चलाते रहते हैं। बच्चों को मेन्यू के अनुसार मध्याह्न भोजन नहीं दिया जाता। अनुपस्थित प्रधानाध्यापक और शिक्षक से स्पष्टीकरण मांगा गया है। प्राथमिक विद्यालय केरई सेरई में 67 में से 17 बच्चे ही उपस्थित मिले। वंदना शर्मा के अनुपस्थित मिलने पर स्पष्टीकरण मांगा। प्राथमिक विद्यालय हसनपुर टप्पा में शिक्षामित्र बबिता दो दिन से अनुपस्थित थीं। 111 में से 57 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### विद्यालय के बच्चों की बजाय बैठा दिए गांव के बच्चे

बीएसए की निरीक्षण की सूचना मिलने पर उच्च प्राथमिक विद्यालय केरई सेरई के प्रधानाध्यापक का खेल देखने को मिला। सुबह 9 :22 बजे निरीक्षण हुआ तो दो शिक्षक मौजूद थे। यहां गांव के बच्चों को विद्यालय के बच्चों के साथ बैठाया गया था। 30 के सापेक्ष में छह बच्चे थे। कक्षा छह के योगेश कुमार की बजाय गांव के दूसरे बच्चे को बैठा दिया। पूछने पर उसने अपना नाम सुरजीत बताया। बीएसए ने प्रधानाध्यापक सुरेंद्र कुमार और शिक्षक भमेश कुमार को चेतावनी दी। बीएसए ने दोनों से तीन दिनों के भीतर स्पष्टीकरण मांगा।

# जब आप ही निष्पक्ष नहीं तो हम कैसे निष्पक्ष काम करेंगे

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** नियुक्ति पत्र मिलते ही एक नवनियुक्त लेखपाल पर कार्रवाई की गाज गिर गई। उसका कसूर सिर्फ इतना था कि केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा और डीएम मनोज कुमार ने जब 118 लेखपालों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इसके बाद वहीं पर जनप्रतिनिधि और अधिकारी नाश्ता करने लगे। तभी नवनियुक्त लेखपाल महेंद्र सिंह अचानक पहुंचा और कहने लगा कि आप निष्पक्ष काम करने की बात कहते हैं, लेकिन जब आप ही निष्पक्ष नहीं हैं तो हम कैसे निष्पक्ष काम करेंगे। आप लोग नाश्ता कर रहे हैं, जबकि सभी लेखपाल यूं ही बैठे हुए हैं। यह तो पक्षपात है। इतना सुनते ही डीएम मनोज कुमार ने लेखपाल को अनुशासन में रहने की सलाह दी। इसके बाद जनप्रतिनिधि उठ कर चले गए।

बुधवार को अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा शामिल हुए थे। उन्होंने कार्यक्रम में डीएम मनोज कुमार के साथ 118 नवनियुक्त लेखपालों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इसके बाद वहीं पर केंद्रीय राज्यमंत्री और डीएम नाश्ता करने लगे। तभी नव चयनित लेखपाल महेंद्र सिंह अचानक केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा व डीएम मनोज कुमार के पास पहुंच गया। उसने कहा कि आप लेखापलों को नियुक्त पत्र सौंपने के साक्षी ही निष्पक्ष काम करने की बात कहते हैं, लेकिन जब आप ही निष्पक्ष नहीं हैं तो हम कैसे निष्पक्ष काम करेंगे। आप लोग नाश्ता कर रहे हैं, जबकि सभी लेखपाल यूं ही बैठे हुए हैं। इतना सुनते ही डीएम मनोज कुमार ने लेखपाल को अनुशासन में रहने की सलाह दी। यह पूरा वाक्या देख कार्यक्रम में मौजूद सभी लोग सकपका गए। जनप्रतिनिधि और अधिकारी उठकर चले गए।

एसडीएम सुखलाल वर्मा ने बताया कि डीएम के आदेश पर लेखपाल का जवाब तलब किया है। इधर, डीएम मनोज कुमार ने बताया कि लेखपाल ने मुख्य अतिथि के सामने अनुशासनहीनता की थी। एसडीएम सदर से इस मामले में रिपोर्ट मांगी है। लेखपाल से स्पष्टीकरण मांगा है। जवाब आने के बाद लेखपाल पर अग्रिम कार्रवाई करने को निर्णय लिया जाएगा। इस अवसर पर सदर विधायम महेश गुप्ता, पूर्व विधायक प्रेम स्वरूप पाठक सहित जिले के तमाम जिला स्तरीय अधिकारी व नवनियुक्त लेखपाल मौजूद रहे।



नवनियुक्त महिला लेखपाल को नियुक्त पत्र सौंपते केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा, साथ में सदर विधायक और डीएम।

### अभी 105 लेखपालों की और जरूरत

जिले में नवचयनित 118 लेखपालों को नियुक्ति पत्र मिलने के बाद जिले में 353 लेखपाल हो गए हैं। हालांकि सरकारी आंकड़ों में अभी भी पद के सापेक्ष 105 लेखपालों की और जरूरत है। डीएम मनोज कुमार ने कहा कि राजस्व विभाग व्यक्ति के जन्म से लेकर मृत्यु तक जुड़ा है। इसलिए नई जिम्मेदारी मिलने के साथ ही लेखपाल सुनिश्चित करें कि वह पूरी ईमानदारी से अपने दिए गए दायित्वों का निर्वहन करेंगे। कहा कि 118 नए लेखपाल आने से काम में तेजी आएगी। अब जिले में 353 लेखपाल हो गए हैं। नियुक्त पत्र मिलने के बाद लेखपालों के चेहरों पर खुशी दिखाई दी।

### निष्ठा के साथ दायित्वों का करें निर्वहन

बीएल वर्मा ने कहा कि 1991-92 में कल्याण सिंह की सरकार में समूह ग की एक लाख 72 हजार नियुक्तियां हुई थीं। यह नियुक्तियां पूरी तरह से पारदर्शी प्रक्रिया के तहत हुई थीं। आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में सभी नियुक्तियां निष्पक्ष, पारदर्शी तरीके से, बिना भेदभाव के हो रही हैं। नवचयनित लेखपालों को पूरी कर्मठता और निष्ठा से अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए कहा गया है। उन्होंने कहा कि जिले में दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरण करने के लिए मेला लगाया जाएगा जिसमें उन्हें सहायक उपकरण उनकी आवश्यकता अनुसार उपलब्ध कराए जाएंगे।

# सावन में पांच सोमवार, देवालयों में रहेगी महादेव की गूंज

- सावन मास के शुभारंभ को लेकर देवालयों में चल रही तैयारी
- कांवड़ यात्रा को लेकर जिला प्रशासन ने शुरू कर दी है तैयारी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** 22 जुलाई को सोमवार से ही सावन माह की शुरुआत होगी और सोमवार को ही समापन होगा। सावन में कुल पांच सोमवार का योग है। 22 जुलाई को सुबह 5: 37 से रात्रि 10: 21 तक सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहा है। पंडित पवन कुमार मिश्रा ने बताया कि प्रीति योग 21 जुलाई को रात्रि 9:11 पर शुरू होगा और 22 जुलाई को शाम 5:58 पर समाप्त होगा। तीसरा योग आयुष्मान योग है, जो शाम 5: 58 से आरंभ होकर 23 जुलाई को दोपहर 2:36 पर समाप्त होगा।

पंडित पवन कुमार मिश्रा ने बताया कि सावन मास में भगवान शिव की पूजा करने से जीवन में सुख-संपन्नता आती है। मान्यता है कि देवी पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए कठोर व्रत, उपवास करके भोलेनाथ शिव को श्रावण माह में ही दोबारा से प्राप्त किया था। विष्णु, ब्रह्मा, इंद्र और शिवगण आदि सभी श्रावण में पृथ्वी पर ही वास करते हैं। देवगणों के पृथ्वी पर अलग-अलग रूपों में वास करने के दौरान भगवान भोलेनाथ की आराधना की जाती है।



शहर के पथिक चौक स्थित बिरुआवाड़ी शिव मंदिर। ● अमृत विचार

### कांवड़ यात्रा के दौरान रहेगा रूट डायवर्ट :

सीओ आलोक मिश्रा ने बताया 22 जुलाई को कांवड़ यात्रा का आरंभ हो रहा है। इसके लिए कछला गंगा घाट की ओर जाने वाले वाहनों पर रोक लगाई जाएगी। इसके लिए रूट डायवर्ट किया जाएगा। दिल्ली की ओर से आने वाले वाहनों को मुजिरया चौराहे से बदायूं की ओर मोड़ दिया जाएगा। बरेली जाने वाले वाहन आंवला होकर निकाले जाएंगे। रूट डायवर्ट प्लान तैयार किया जा रहा है। कांवड़ यात्रा के दौरान रास्ते में कई स्थानों पर बैरियर लगाए जाएंगे। उन पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया जाएगा। एंबुलेंस के साथ फायर ब्रिगेड की गाड़ी तैनात रहेगी। ड्रोन कैमरे से कांवड़ यात्रा की निगरानी होगी। गंगा घाट पर गोताखोर और स्टीमर की व्यवस्था रहेगी।

### हर सोमवार गंगा घाट पर जुटेंगे एक लाख तक श्रद्धालु

प्रशासन ने कछला गंगा घाट पर हर सोमवार जलाभिषेक के लिए गंगा जल भरने को एक लाख श्रद्धालु जुटने की संभावना व्यक्त की है। इस घाट पर जनपद के साथ ही बरेली, मुरादाबाद, संभल जिले के श्रद्धालु गंगा जल भरने के लिए पहुंचेंगे।

श्रावण मास के दौरान कछला गंगा घाट पर कई जनपदों के श्रद्धालु पहुंचते हैं। इनकी संख्या एक लाख से ऊपर चली जाती है। श्रद्धालुओं की संख्या देखते हुए कछला गंगा घाट पर व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं। प्रकाश से लेकर सफाई व्यवस्था के साथ गोताखोरों की तैनाती की जा रही है। बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया जाएगा।

**-सुखलाल वर्मा**, एसडीएम सदर

# गांव में बदहाल पड़ी सड़क दे रही राहगीरों को दिक्कत



कीचड़ से लबालब रास्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, दबतोरी

**अमृत विचार:** तहसील बिसौली क्षेत्र के ग्राम पंचायत अमरपुरा में जल शक्ति मिशन के अंतर्गत बनी टंकी के पाइपलाइन गांव में डाली गई है। पाइप लाइन को डालने के बाद ठेकेदार ने गांव सड़कों को ऐसे ही छोड़ दिया है। जिससे ग्रामीणों को निकालने मे दिक्कतें हो रही हैं। जिसमें सबसे अधिक परेशानी स्कूल जाने वाले बच्चों को हो रही है। उन्हें कीचड़ भरे रास्ते से होकर गुजरना पड़ रहा है। कई बार तो बच्चे उसमें फिसल कर गिर जाते हैं। उनके कपड़े कीचड़ से बेकार हो जाते हैं। ग्रामीणों ने अधिकारियों से रोड सही कराने की गुहार लगाई है।

# बारिश बंद हुई तो उमस भरी गर्मी ने किया लोगों का हाल-बेहाल

- अधिकतम तापमान 36 और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड
- कृषि विभाग ने जताई एक दो दिन में फिर से बारिश की संभावना

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** जनपद में दो दिनों से बारिश बंद हो चुकी है। दिन में बादल दिखे लेकिन हवाओं के साथ बार-बार गायब होते रहे। उमस भरी गर्मी महसूस होती रही। लोग पसीने से तरबतर होते भी दिखे। कृषि विभाग ने एक दो दिन में फिर से बारिश की संभावना जताई है। मौसम साफ रहने से तापमान में बढ़ोतरी हुई।

बुधवार को अधिकतम तापमान 36 और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम में नमी 82 प्रतिशत होने की वजह से लोग उमस से बेहाल रहे।

गर्मी और उमस के चलते घरों से बहुत कम लोग ही लोग बाहर निकले। शाम के समय ठंडी हवाएं चलने से लोगों ने गर्मी से राहत की सांस ली। सूर्यास्त होने के बाद लोग घरों की छतों और मैदानों में मौसम का आनंद लेते दिखे।

# हद है... चार सौ जरूरतमंदों के लिए मात्र दो कर्मचारी

- आधार कार्ड के लिए बैंक और डाकघर में घंटों लाइन में लगकर लौट रहे लोग
- राशन कार्ड की ई-केवाईसी कराने को आधार कार्ड में कराया जा रहा संशोधन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


**अमृत विचार:** योजनाओं का लाभ लेने के लिए आधार कार्ड जरूरी है। इसे सही कराने के लिए बैंक और डाकघर में तीन सौ से चार सौ लोग पहुंच रहे हैं। इस काम के लिए डाकघर और बैंक में बहुत कम कर्मचारी हैं। लोगों का नम्बर आने तक समय बीत जा रहा है और उन्हें लौटना पड़ रहा है। घंटों लाइन में लगने के बाद आधार अपडेट न होने पर लोग मायूस हैं।

परिषदीय और माध्यमिक स्कूलों में बच्चों के प्रवेश के लिए बच्चों के आधार की आवश्यकता है। वहीं राशन कार्ड में ई- केवाईसी का भी काम हो रहा है। अन्य योजनाओं का लाभ लेने के लिए भी आधार की सख्त आवश्यकता है। जिन बच्चों के आधार नहीं बने हैं और जिनके आधार कार्ड में संशोधन होना है वे लोग बायोमेट्रिक अपडेट कराने के लिए डाकखाने और बैंकों के चक्कर लगा रहे हैं। इसके लिए बैंक और मुख्य डाकघर में सुबह से ही लाइन में लग जा रहे हैं। बावजूद इसके आधार नहीं बन पा रहे हैं। मुख्य डाकघर में दो मात्र काउंटर की व्यवस्था है। दोनों पर ही सौ से अधिक लोगों के ही आधार बनाए जा रहे हैं जबकि वहां पहुंचने वालों की संख्या तीन सौ से चार तक के बीच है। इसी के चलते घंटों लाइन में लगने के बाद उनकी बारी आने पर समय समाप्त हो जाता है और उन्हें वापस लौटना पड़ता है।

गांव सिमरिया के रूप किशोर आधार बनवाने आए थे। घंटों इंतजार के बाद भी आधार नहीं बना। उनका कहना था कि आधार कार्ड बनवाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार वापस कर दिया गया है। गांव रसूलपुर की सीमा ने कहा कि आधार कार्ड अपडेट कराना चुनौती से कम नहीं है। कई दिन तो बिना काम हुए लौटना पड़ा है। आज भी सुबह से लाइन में लगी रही, तब कहीं जाकर आधार अपडेट हो सका है। ऐसी स्थिति उन तमाम लोगों की है जिनका आधार लाइन में लगने के बाद भी अपडेट नहीं हो सका है।

आधार कार्ड बनाने के लिए दो काउंटर लगाए गए हैं। किसी को कोई दिक्कत नहीं होने दी जा रही है। अगर कर्मचारियों द्वारा आधार बनाने में लोगों को सहुलियत नहीं दी जा रही है तो उन्हें हिदायत दी जाएगी कि प्राथमिकता के आधार पर बच्चों का आधार बनाए और अपडेट करें।

**-देवेंद्र कुमार सिंह**, डाक अधीक्षक



















# एक भाई ने पुलिया पकड़ ली, दूसरा बह गया

## पुलिया पकड़कर बचे भाई ने गांव जाकर दी घटना की जानकारी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** मामा की शादी से लौट रहे दो भाई बाढ़ में बहने लगे। पुलिया पकड़ लेने से एक बच गया और उसी ने गांव जाकर घटना की जानकारी दी। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से तलाश कराई तो दूसरे का शव बरामद हुआ।

हजरतपुर के गांव कैमी निवासी राम गोपाल (22) पुत्र सोहन पाल खेती-बाड़ी करते थे। तीन साल पहले उनकी शादी हुई थी। उनकी दो साल की बेटी और चार महीने का बेटा है। वह मंगलवार दोपहर अपने मौसेरे भाई गुड्डु (24) पुत्र धन पाल के साथ मोपेड से अपने मामा की शादी में शामिल होने शाहजहांपुर के थाना कांठ क्षेत्र के गांव बरीखास गए थे। रात में खाने के बाद दोनों मोपेड से वापस अपने गांव आ रहे थे। रात एक बजे गांव शेरपुर के पास बाढ़ का पानी पुलिया के ऊपर से तेजी से बह रहा था। दोनों भाई मोपेड से उसी से होकर गुजरने लगे। बहाव तेज होने से दोनों मोपेड समेत बाढ़ के पानी में बहने लगे। गुड्डू ने किसी तरह पुलिया पकड़ ली और बच गया।


पानी से शव बाहर निकालने के बाद मौके पर जमा भीड़। ● अमृत विचार

- पुलिस ने ग्रामीणों की मदद ली, एक घंटे की मशक्कत के बाद बरामद हुआ शव


मामा हरिकिशन।


मृतक रामगोपाल।

गुड्डू ने अपने गांव पहुंचकर मामले की जानकारी दी। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। थानाध्यक्ष विक्रम सिंह पुलिस बल के साथ दातागंज, गढ़िया रंगीन, लालपुर क्षेत्र से लगभग 60 किलोमीटर का सफर तक कर दूसरी तरफ से बुधवार तड़के मौके पर पहुंचे। उन्होंने आसपास के ग्रामीणों को बुलाया। बाढ़ के पानी में रामगोपाल की तलाश कराई। एक घंटे के बाद रामगोपाल का शव बरामद हो गया लेकिन मोपेड का पता नहीं चल सका। राम गोपाल की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। बुधवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। मृतक के मामा हरिकिशन ने बताया कि ज्यादा रात होने से उन्हें शादी के बाद वापस जाने से रोका गया था लेकिन नहीं माने।

## संकट मोचन दरबार में हुआ गरीब कन्या का विवाह

**बिल्सी, अमृत विचारः** नगर स्थित संकट मोचन दरबार के महंत संजय शर्मा ने बुधवार दोपहर दरबार में एक गरीब का विवाह धूमधाम से कराया। विवाह का पूरा खर्च दरबार ने उठाया। हरदोई की रहने वाली ओमवती की बेटी नेहा मिश्रा की शादी यहां धूमधाम से सभी रस्मों के साथ पूरा कराया गया। पंडित आशीष वशिष्ठ ने विवाह को विधि विधान से साथ संपन्न कराया। महंत संजय शर्मा और उनकी पत्नी कुसुम शर्मा ने कन्यादान किया। महंत ने बताया कि दरबार के सहयोगियों की मदद से यह सातवीं निर्धन कन्या का विवाह था। इससे पहले भी ऐसी बेटियों के लिए परिवार को यथा संभव सहयोग करते थे। इस विवाह समारोह में कपिल गुप्ता, नूरुद्दीन मलिक, अनुज माहेश्वरी, रोहित कुमार, राहुल शर्मा, मुकेश सक्सेना, आलोक सक्सेना, देवकीनंदन झा, बुलबुल, मंजू शर्मा, श्रेया शर्मा, शुभम शर्मा, शिवांक शर्मा, दीपक मौर्य आदि का विशेष सहयोग रहा।

# बेटी की मौत पर हंगामा किया तो आरोपी पकड़े गये


दातागंज पुलिस की गिरफ्त में मारपीट करने के आरोपी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- पिता की पिटाई की सूचना पर घर आते समय किया गया था हमला

**अमृत विचार :** पिता की पिटाई की सूचना पाकर आ रहे बेटे को भी आरोपियों ने घेरकर पीट दिया। उसकी मौत हो गई। बुधवार को दो आरोपी गिरफ्तार कर लिये गये।

कोतवाली दातागंज के मोहल्ला बादाम नगर निवासी सुरेंद्र सिंह पुत्र श्याम लाल का चक्का पर आटा पिसवाने के दौरान कुछ लोगों से विवाद हो गया। उसके बाद सुरेंद्र घर जाकर भैंस का दूध निकालने लगे। इसी बीच विवाद करने वाले वहां पर पहुंच गए। उन्होंने सुरेंद्र को पीटा। सुरेंद्र ने बरेली गए अपने बेटे रूपेश को सूचना दी। रूपेश घर जा रहा था कि शाहजहांपुर के थाना जतीपुर क्षेत्र में उसे भी घेर कर मारपीट की। उसे बरेली में भर्ती कराया गया जहां मौत हो गई। गुस्साए परिजनों ने मंगलवार शाम कोतवाली दातागंज के सामने शव रखकर हंगामा किया। एसडीएम धर्मेंद्र सिंह ने समझाकर शांत कराया। सुरेंद्र सिंह की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने बुधवार को आरोपी मोहल्ला लक्ष्मीनगर निवासी देवेंद्र और उनके बेटे सूरज को कांसपुर तिराहे से गिरफ्तार कर लिया।

## एक नजर

### गांव में बत्ती गुल

**कादरचौक।** क्षेत्र में हो रही बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान हैं। गांव लभारी में कई दिनों से लाइट नहीं आ रही है। जिस पर भाजपा के पदाधिकारी रिंकू बाबू ने अधिकारियों से बिजली कटौती बंद कराने और लभारी गांव में जर्जर लाइन ठीक कराने की मांग की है।

### आग से बचाव के उपाय बताए

**ओरछी।** ग्लोबल हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल में बुधवार को अग्निशमन विभाग द्वारा फायर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। जिसमें अग्निशमन अधिकारियों ने बच्चों को आग से होने वाली हानि एवं बचाव के बारे में बताया गया। फायर स्टेशन बिसौली के प्रभारी महेन्द्र पाल सिंह ने बच्चों को एक डेमो के माध्यम से बताया कि गैस सिलेंडर में लगी आग को किस प्रकार बुझा सकते हैं। बताया कि यदि सिलेंडर में आग लग जाती है तो हमें घबराना नहीं है। सिलेंडर को मोटे गीले कपड़े, रेत या मिट्टी डालकर बुझा सकते हैं। यदि फायर एक्सटिंगुशर है तो उसका भी प्रयोग कर किया जा सकता है।


# बाइक सवार ताऊ-भतीजे को पिकअप ने रौंदा, दोनों की मौत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- कासगंज के गांव ओम नगरिया के पास हुआ हादसा

**अमृत विचार :** बाइक से जा रहे ताऊ और भतीजे को तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। आनन-फानन में उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

कादरचौक क्षेत्र के गांव लभारी निवासी अर्जुन (23) पुत्र चोखे लाल की बहन की शादी जिला कासगंज के थाना सिकंदरपुर वैश्य क्षेत्र के गांव देवकली में हुई थी। उनके चार साल के भांजे की मौत हो गई थी। वहां से अर्जुन और उनके ताऊ उम्मेदी (55) पुत्र नत्थूलाल के साथ बुधवार शाम लगभग पांच बजे बाइक से देवकली से लौट रहे थे। बाइक अर्जुन चला रहे थे। थाना सिकंदरपुर वैश्य क्षेत्र में कादरगंज पुल पार करके ओम नगरिया चौराहे के मोड़ पर पहुंचे थे कि तेज रफ्तार से पिकअप ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी और चालक पिकअप लेकर भाग गया। बाइक सवार ताऊ-भतीजा सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर कादरचौक पुलिस पहुंची। पुलिस ने एंबुलेंस से दोनों घायलों को जिला अस्पताल भेजा। जहां चिकित्सक ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवों को मोर्चरी में रखवा आगे की कार्रवाई के लिए थाना सिकंदरपुर वैश्य पुलिस को अवगत कराया। थानाध्यक्ष उदयवीर सिंह ने बताया कि हादसा पास के जिला कासगंज में हुआ था।


मृतक उम्मेदी।


मृतक अर्जुन।

## चुनाव बाद समस्या के निस्तारण का ग्रामीणों को इंतजार

**उझानी, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हजरतगंज में लोकसभा चुनाव से पहले ग्रामीणों ने नाला और सड़क की समस्या को लेकर मतदान बहिष्कार करने को लेकर दीवारों पर पोस्टर चस्पा कर दिए थे।

जिसकी जानकारी पर बिल्सी विधायक हरीश शाक्य और अन्य भाजपा नेताओं ने गांव हजरतगंज पहुंचकर ग्रामीणों से आचार संहिता हटने के बाद समस्या का निदान करने का आश्वासन दिया था। चुनाव संपन्न हुए एक माह का समय बीत चुका है। लेकिन गांव में व्याप्त समस्या का समाधान अभी नहीं हो पाया है। जिस पर ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक को उनके द्वारा किए गए वादे को याद दिलाते हुए समस्या का निदान करने की मांग की है।

# विभिन्न सड़क हादसों में महिला समेत दो लोगों की मौत, छह घायल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- पिता का बरेली में तथा बेटी का बदायू के निजी अस्पताल में चल रहा इलाज
- उसहैत के मिर्जापुर चौराहा तथा सिविल लाइन क्षेत्र के बरेली-मथुरा राजमार्ग पर घटना

**अमृत विचार :** उसहैत थाना क्षेत्र के मिर्जापुर चौराहे पर हुई दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गई जबकि उसके पति और बेटी गंभीर हैं। वहीं सिविल लाइन क्षेत्र में बरेली-मथुरा राजमार्ग के बालाजी मंदिर के पास हुई दुर्घटना में किसान की मौत हो गई जबकि चार अन्य लोग घायल हो गये।


मृतका अनीता।

सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के गांव सिरसा दबरई के राम किशोर पत्नी अनीता, बेटी साक्षी के साथ बाइक से ससुराल निताई नगला जा रहे थे। उसहैत थाना क्षेत्र में मिर्जापुर चौराहे के पास कार से उनकी बाइक में टक्कर लग गई। बाइक सवार तीनों लोग सड़क पर गिरकर घायल हो गए। जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और तीनों घायलों को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान अनीता की मौत हो गई जबकि राम किशोर की हालत गंभीर है। बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। बेटी साक्षी का बदायूं के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। थानाध्यक्ष विवेक सिंह ने बताया कि तहरीर आने के बाद रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

वहीं थाना कादरचौक क्षेत्र के गांव गरौलिया निवासी किसान अरविंद कुमार अपने खेत से अरवी की फसल निकलवाकर उसे बेचने के लिए बुधवार को हेम सिंह के ऑटो से बदायूं शहर की मंडी समिति आ रहे थे। ऑटो में गांव के राम प्रकाश, विपिन और सुमित भी बैठे थे। सिविल लाइन क्षेत्र में बरेली-मथुरा राजमार्ग के बालाजी मंदिर के पास पीछे से आई तेज रफ्तार रोडवेज बस से ऑटो में टक्कर लग गई और ऑटो पलट गया। अरविंद कुमार की मौके पर ही मौत हो गई जबकि ऑटो चालक हेम सिंह, राम प्रकाश, विपिन और सुमित घायल हो गए। चालक रोडवेज बस छोड़ कर भाग गया। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। सिविल लाइन की शेखूपुर चौकी इंचार्ज रामपाल तोमर घटनास्थल पर पहुंचे। घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया गया। उनके परिजनों को सूचना दे दी गई। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

## बंद घर से नगदी समेत हजारों का माल समेटा

**बिनावर, अमृत विचार :** चोरों ने बंद घर को निशाना बनाया और बीस हजार रुपये की नगदी के साथ हजारों रुपये के जेवर पर हाथ साफ किया। पुलिस को चोरी की घटना की तहरीर दी गई है।

मोहल्ला निवासी फरजाना पत्नी साबिर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह पांच जुलाई को घर पर ताला लगाकर वह अपने परिवार के साथ अपनी रिश्तेदारी में गए थे। वह मंगलवार शाम घर पर लौटीं तो घर के कमरों के ताले टूटे पड़े थे। सामान भी बिखरा हुआ था। घर से 20 हजार रुपये नगदी, चांदी की दो जोड़ी पाजेब, हाथ व पैरों के तोड़ा, सोने की अंगूठी व मंगलसूत्र आदि गायब थे। तहरीर के बाद भी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। इससे पहले गांव मई रजऊ में मीरा पुत्र ओमप्रकाश के घर को चोरों ने निशाना बनाया था। पुलिस ने उस मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

# लापता अधेड़ का शव क्षत विक्षत मिला

संवाददाता, उझानी

**अमृत विचार :** कई दिनों से लापता अधेड़ का क्षत-विक्षत शव मिला। शिनाख्त होने पर पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने फारेसिंक टीम बुलाकर साक्ष्य एकत्र कर लिया है।


शव पास लोगों से जानकारी करते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

- परिजनों ने जताई हत्या की आशंका
- फारेंसिक टीमने एकत्र किए साक्ष्य

उझानी कोतवाली क्षेत्र के बहादुरगंज मोहल्ला निवासी साहब सिंह उर्फ लल्ला यादव (48) खेतीबाड़ी और ट्रक चलाकर परिवार का पालन-पोषण करते थे। आठ जुलाई को वह खेत पर जाने की बात कहकर घर से निकले लेकिन लौटकर नहीं आए। परिजनों ने इधर-उधर तलाश की। रिश्तेदारी में भी पूछा लेकिन कुछ पता नहीं चला। साहब सिंह के शराब पीने के आदी थे और अक्सर घर से चले जाने की वजह से परिजनों ने इस बात की जानकारी पुलिस को नहीं दी। उन्हें लगा कि वह ट्रक लेकर कहीं बाहर चले गए होंगे। बुधवार सुबह मिहोना रोड से गुजर रहे लोगों को दुर्गन्ध महसूस हुई। पास जाकर देखा तो खंती में शव दिखा। शव फूला हुआ था और उसका एक पैर जानवरों ने नोंच दिया था। लोगों ने उझानी पुलिस को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। आसपास के लोगों से जानकारी ली। मृतक की शिनाख्त साहब सिंह के रूप में होने पर उनके परिजनों को सूचना दी।

उनके भाई मनोज मौके पर पहुंचे और पुष्टि की। उन्होंने उनकी हत्या की आशंका जताई। फारेंसिक टीम बुलाई गई और उसने साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि शव मिला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट तथा परिजनों की तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## आरबीएसके टीम ने दिव्यांग बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया

संवाददाता, बदायूं

- विभिन्न क्षेत्रों में दिव्यांगता प्रमाण पत्र के लिये किया चिह्नित

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत परीक्षण कर दिव्यांग बच्चों का दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाया गया। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य टीम और दिव्यांग मेडिकल बोर्ड की टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उझानी पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रामेश्वर मिश्रा तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र कुमार सिंह, जिला समन्वयक समेकित शिक्षा जितेंद्र सिंह के निर्देशन में परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले उझानी और कादरचौक के बच्चों का देखने, सुनने, चलने तथा बौद्धिक क्षमता का परीक्षण किया।

उपस्थित 67 बच्चों में से शारीरिक दिव्यांग के 15, श्रवण बाधित के आठ, बौद्धिक दिव्यांग के 21, दृष्टि दिव्यांग के 11 बच्चों को प्रमाण पत्र के लिए चिह्नित किया गया।

आर्थो सर्जन डॉ वागीश वार्ष्णेय, नेत्र सर्जन डॉ पीयूष मोहन, डॉ चक्रेश गुप्ता, ईएनटी की डॉ सर्वेश कुमारी, क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट, ऑडियोलॉजिस्ट गजेंद्र द्विवेदी, आरबीएस टीम के डॉ प्रभाकर मिश्रा, डॉ काजल यादव, एएनएम रश्मि सक्सेना, ऑप्टोमेटिस्ट राजपाल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ राजकुमार गंगवार ने सारी व्यवस्था की। रजिस्ट्रेशन कार्य विशेष शिक्षक रज्जन सिंह, विपिन मिश्रा, संदीप राय, राजेश कुमार मौर्य, सुरेश कुमार मिश्र, संतोष कुमार राय, इंदल कुमार।

# जिले भर में कांग्रेसियों ने चलाया पौधरोपण अभियान

संवाददाता, बदायूं

- बताया पर्यावरण को लेकर कांग्रेस ने हमेशा दिखाई है सक्रियता

**अमृत विचार :** जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ओमकार सिंह के आव्हान पर जिलेभर में आज कांग्रेसियों ने पौधरोपण किया। पिछले तीन दिनों से जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ओमकार सिंह के बहनोई का स्वास्थ ठीक नहीं था जिसको लेकर जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह दिल्ली के एक निजी मैक्स होस्पिटल में इलाज करवा रहे हैं। जिलेभर में कांग्रेसियों को प्रोत्साहन करने का कार्य कर रहे है। साथ ही प्रांतीय कार्यों की दूरभाष के माध्यम से संचालित करवा रहे हैं। ,इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा आमजन के विषय मे चिंता की है न कि सत्ता की कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में जलवायु को लेकर महत्वाकांक्षी योजनाओं को लागू करने पर जोड़ दिया था उन्होंने कहा कि कांग्रेस भी 2070 तक जीरो कार्बन इमिशन के लक्ष्य को हासिल करने के लिए कमिटेड है. एनसीएपी और ह्यूमन-एनिमल कॉन्फ्लिक्ट को कम करने एव कांग्रेस ने एन्वायर्मेंट प्रोटेक्शन एंड क्लाइमेट चेंज अथॉरिटी और जलवायु को लेकर सरकारी और निजी क्षेत्र के साथ मिलकर काम करने के लिए ग्रीन ट्रांजिशन फंड की स्थापना करने के साथ-साथ 2013 के प्रोहिबिशन ऑफ द मैनुअल स्कैवेंजिंग एक्ट को फिर से लागू करने का वादा भी किया गया था परंतु भाजपा द्वारा झूठे एजेंडे से सत्ता को हाशिल कर लिया जिसके बाद से ही कांग्रेस लगातार जनहित के मुद्दे को संसद में उठा रही है इसी क्रम में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने गर्मी को देखते हुए देश व प्रदेश में समस्त बूथों पर एक वृक्षारोपण करने का निर्णय लिया तथा तीन साल तक उसकी देखभाल करने का भी प्रण लिया इस अवसर बदायूँ विधानसभा में प्रदेश सचिव जितेंद्र कश्यप, शहर अध्यक्ष असरार अहमद के नेतृत्व में दातागंज विधानसभा में आतिफ़ खान के नेतृत्व में, बिसौली में सोमेंद्र यादव व लोकपाल सिंह के नेतृत्व में ,शेखुपुर में मुन्ना लाल सागर, वीरपाल यादव व शहरजा के नेतृत्व में बिल्सी में वीरेश तोमर व गौरव राठौर के नेतृत्व में सहसवान में राजवीर यादव व सद्दाम हुसैन के नेतृत्व में बूथ स्तर पर राजीव गांधी वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है।

# सड़क और पानी संबंधी काम कराएगी पालिका

संवाददाता, ककराला

**अमृत विचारः** नगर पालिका परिषद बोर्ड की बैठक पालिकाध्यक्ष इंतखाब अहमद सकलैनी और अधिशासी अधिकारी सुनील मिश्रा की मौजूदगी में हुई। इसमें सभासदों ने नगर की पेयजल व्यवस्था में करने के साथ ही जर्जर बिजली लाइन बदलवाने की मांग की। इस दौरान सड़क, जल एवं निर्माण कार्यों को कराने पर सहमति जताई गई।


बोर्ड की बैठक में मौजूद सभासद। ● अमृत विचार

- पालिका बोर्ड बैठक में पेयजल और विकास कार्यों पर हुई चर्चा
- सभासदों ने नगर की जर्जर हो चुकी बिजली लाइन बदलवाने

नगर पालिका की बैठक 26 जून को होनी थी जिसमें सभासदों के विरोध दर्ज कराने की वजह से बैठक संपन्न नहीं हो सकी। उन्होंने बोर्ड की बैठक का बहिष्कार कर दिया गया था। बुधवार को पुनः बोर्ड की हुई। जिसमें सभासदों ने अपने अपने वार्ड के विकास कार्यों और समस्याओं को लिखित रूप में दिया। चेयरमैन इंतखाब सकलैनी ने सभासदों को आश्वासन दिया कि प्राप्त शिकायतों का जल्द निस्तारण कराया जायेगा। नगर के विकास कार्यों को कराने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जायेगी। अधिशासी अधिकारी ने जनता से समय पर पालिका करों के भुगतान कराने में तथा संचारी रोगों को लेकर चलाए जा रहे अभियान में सहयोग करने की अपील की। वार्ड 14 के सभासद प्रतिनिधि नजमुल हसन अंसारी ने बिजली विभाग को एक मांग पत्र सौंपा। जिसमें बढ़ती नगर की नई आबादी में बिजली लाइन डलवाने और जर्जर हो चुकी लाइनों को बदलवाने की मांग की।

बैठक में पच्चीस सभासदों मे से 23 सभासद मौजूद रहे। बैठक शमशाद खां, जैनुल आबेदीन खां, अरशद खां, सहरोज खां, माहिर खां आदि मौजूद रहे।

# परीक्षा फल प्राप्त कर खुश हुए बच्चे

संवाददाता ककराला

**अमृत विचारः** एम जियाउल कमर हायर सेकेण्डरी स्कूल में वार्षिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों का परीक्षाफल बांटा गया। इस दौरान बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए।

कक्षा नौ की छात्रा रहनुमा पुत्री मोहम्मद मियां ने 98.63 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल टॉप किया। परीक्षा फल प्राप्त कर सभी बच्चों की खुशी का ठिकाना न रहा कार्यक्रम में मौजूद रहे पुलिस चौक हेड कांस्टेबल पप्पू राम ने बच्चों को यातायात के नियम और शिक्षा की अहमियत से अवगत कराया। कार्यक्रम में वारिस पठान, गौरव शर्मा, जीशान अंसारी, इमरान खान, लकी खान आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। अंत में स्कूल प्रबंधक हाफिज कमर और प्रधानाचार्य फुरकान अहमद ने सभी का आभार व्यक्त किया।



परीक्षाफल के साथ खुश बच्चे। ● अमृत विचार

## बारात चढ़त के दौरान मारपीट, कई घायल

**दबतोरी : अमृत विचार,** कोतवाली बिसौली क्षेत्र के गांव लक्ष्मीपुर निवासी अमरपाल पुत्र डालचंद की बेटी की बारात मंगलवार को चंदौसी से आई थी। जिसमें बारात चढ़ते समय गांव के ही ललित, राकेश, रोहताश, दीपक ने बारात चढ़ने से कर दिया और हंगामा किया। बारातियों से कहासुनी और फिर मारपीट हो गई। बारात में आए कुछ लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस पहुंची। ललित को पकड़ा। जबकि तीन लोग भाग गए। ललित का शांतिभंग में चालान किया गया। दबतोरी चौकी इंचार्ज बृजपाल सिंह ने बताया कि तहरीर नहीं आई है।

MAXLIFE SUPERSPECIALITY HOSPITAL & FAHMY IVF CENTRE
मैक्सलाइफ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड फहमी आई.वी.एफ. सेन्टर
डॉ. अनीस बेग
M.B.B.S., D.C.H.
Child Specialist
डॉ. फैहमी खान
M.B.B.S., D.G.O D.M.A.S., F.M.A.S
Gyanaecologist, Ivf Specialist
हृदय रोग विभाग
स्थायी/अस्थायी पेसमेकर इम्प्लांटेशन
बैलून माइट्रल वाल्वोटॉमी
2डी ईको कार्डियोग्राफी
टी.एम.टी.
24 Hrs हॉल्टर मॉनिटरिंग
ई.सी.जी.
डिजिटल एक्स-रे
अनुभवी कार्डियोलॉजिस्ट द्वारा संचालित कैथ लैब
कोरोनरी एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी
लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
एडवांस आई.सी.यू.
एडवांस एन.आई.सी.यू.
मॉड्यूलर ऑपरेशन
24/7 सुविधा उपलब्ध
निकट ईसाइयों की पुलिया, सिन्धु नगर, सैटेलाइट बरेली
0581-2990926
0581-2990928

# दर्जनों गांवों का कटा तहसील से संपर्क

## गंगा का जलस्तर 25 सेमी नीचे आया, तटीय इलाकों में अभी भी चुनौतियां बरकरार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** गंगा जलस्तर बुधवार को 25 सेंटीमीटर नीचे आ गया। हालांकि तटीय इलाकों के लोगों के लिए अभी भी चुनौतियां बरकरार हैं। इन क्षेत्रों में कटान शुरू हो गया है। रामगंगा में पानी की अधिकता से दर्जनों गांवों का संपर्क मार्ग कट गया है और लोग नावों से आ जा रहे हैं।

पहाड़ों पर अधिक बारिश होने से हरिद्वार बैराज से छह लाख क्यूसेक पानी छोड़ दिया गया जिसका दवाब नरौरा बैराज झेल नहीं सका। नरौरा बैराज से भी पानी छोड़ा जाने लगा तो सहसवान, उसहैत क्षेत्र में बाढ़ के हालात बन गये। सहसवान के गांव खागी नगला, वीर सहाय नगला, भमरौलिया के निचले हिस्सों में पानी भरने लगा। उसहैत क्षेत्र में खेत डूब गये हैं।

कछला गंगा घाट पर दुकानों पर पानी भर गया है। लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शरण लेनी पड़ी। रामगंगा में कालागढ़ से पानी अधिक छोडे जाने से दातागंज क्षेत्र के 30 गांव प्रभावित हो गए।

पानी भरने से संपर्क मार्ग कट गया है। प्रशासन ने यहां पर नाव लगाई है। बुधवार को दातागंज एसडीएम धर्मेंद्र कुमार ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर हालात का जायजा लिया।

उन्होंने ग्रामीणों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। बाढ़ खंड के एक्सईएन उमेश चंद्रा ने बताया कि बैराजों से कम पानी आ रहा है। इससे गंगा का जलस्तर कम हो रहा है।


बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीण नाव से दूसरी ओर जाते हुए। ● अमृत विचार

### उसहैत क्षेत्र के दर्जनों गांव बाढ़ से प्रभावित

गंगा का जलस्तर बढ़ने से उसहैत क्षेत्र के गांव बेहटी, कमलू नगला असमयारफतपुर, अहमदनगर बछौरा, भुंडी, पथरामई, जटा, प्रेमी नगला, कमलईयापूर, रैपुरा, कदम नगला, दल नगला बाढ़ से प्रभावित हो गए हैं। पानी गांव के समीप बह रहा है। गांव की बिजली काट दी गई है। गांव असमिया रफतपुर में ट्रांसफार्मर फुंका पड़ा है। यहां के लोग अंधेरे में बाढ़ के बीच जिंदगी बसर कर रहे हैं।


बाढ़ प्रभावित गांव में जाकर ग्रामीणों से बात करते एसडीएम धर्मेंद्र सिंह।

### यह है स्थिति

| | |
|---|---|
| कछला का गेज | 161.75 मीटर |
| नरौरा | 57541 क्यूसेक |
| बिनौर | 19978 क्यूसेक |
| हरिद्वार | 41307 क्यूसेक |

### नाव से भेजकर कराई राशन की व्यवस्था

**दातागंज, अमृत विचार :** रामगंगा में छोड़े गये पानी से हजरतपुर क्षेत्र के दो दर्जन गावं के सड़क मार्ग पर जलभराव हो गया है। इसके कारण वहां के लोगों का तहसील मुख्यालय से सम्पर्क टूट गया है। प्रशासन ने पशु विभाग, स्वास्थ्य टीम तथा राशन वितरण की व्यवस्था नाव से भेजकर कराई है। एसडीएम धर्मेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि बाढ़ चौकी हजरतपुर, नगरिया खन्नू में रामगंगा का जल स्तर बढ़ने से हर्रामपुर, नवादा बदन, लालपुर खादर, कुढ़रा मझरा, नगरिया खन्नू, शेरपुर, उद्धव नगला, पट्टी बिजा, गढ़िया मौजमपुर नगला नबाब सिंह, नगला भगवान सिंह, दल सिंह नगला, नगला. सुखपाल सिंह, नगला देवेन्द्र सिंह, कलाकंद, सुन्दरपुर, लाभारी आदि गांव जलभराव से प्रभावित हैं। एसडीएम ने बाढ़ प्रभावित इलाकों में नाव के माध्यम से पशु, स्वास्थ्य व राजस्व विभाग की टीम को दवाओं सहित भेजा। भोजन की समस्या देखते हुए राशन वितरण की व्यवस्था कराई। उन्होंने बताया कि बाढ़ ग्रस्त इलाकों के गावं को जोड़ने वाले एवं मुख्य मार्गों पर पानी चार पांच फीट भर जाने से आवागमन ठप हो गया है। अभी गावं के अन्दर पानी नहीं घुसा है। जल भराव से फसलें नष्ट हो गई हैं। इनका सर्वे कराया जायेगा। बाढ़ पीडितों को कोई दिक्कत न हो, इसलिए लगातार निगरानी की जा रही है। लोगों की सुविधाओं का खयाल रखा जा रहा है।

# गैर जमानती वारंट जारी होने पर पेश हुए प्रभारी निरीक्षक

विधि संवाददाता, बरेली

● विभागीय ड्यूटी में तैनाती का दिया हवाला, वारंट निरस्त करने की लगाई गुहार

**अमृत विचार :** दुष्कर्म के मामले में गवाही देने अदालत में हाजिर न होने पर गैर जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी होने पर बदायूं के थाना उझानी प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह अदालत में हाजिर हुए। निरीक्षक ने विभागीय ड्यूटी में तैनाती का हवाला देते हुए एनबीडब्ल्यू निरस्त करने की अदालत से गुहार लगाई। अपर सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय रवि कुमार दिवाकर ने इस आशय की अंडरटेकिंग देने पर कि जब उन्हें तलब किया जाएगा, हाजिर होंगे पर वारंट निरस्त कर दिया।

बुधवार को एसएसपी बदायूं से अनुमति लेकर अदालत में हाजिर हुए प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने अदालत में जब वारंट वापसी की अर्जी दी तो अदालत ने उन्हें कस्टडी में लेकर अंडरटेकिंग दाखिल करने पर वारंट निरस्त कर रिहा किया। वर्ष 2021 में थाना आंवला में बख्तियार के खिलाफ दुष्कर्म के आरोप में एफआईआर दर्ज हुई थी। पुलिस ने इस मामले में विवेचना के बाद चार गवाह बनाकर साक्ष्य संकलित कर चार्जशीट अदालत में दाखिल की थी। मामले में अब तक तीन गवाहों की गवाही पूरी हो चुकी है लेकिन विवेचक रहे मनोज कुमार सिंह कई समन जारी होने के बाद भी एक साल से अदालत में गवाही के लिए हाजिर नहीं हो रहे थे। इस पर अदालत ने उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था। एडीजी को विवेचक को गिरफ्तार करवाकर पेश करने के आदेश में अदालत ने टिप्पणी की थी कि दुष्कर्म जैसे गंभीर केस को लंबे समय तक लटकाकर विवेचक अभियुक्त को लाभ पहुंचाना चाहते हैं। नियमानुसार दुष्कर्म केस का निस्तारण अदालत को चार्जशीट पर संज्ञान लेने के दो माह के अंदर करना होता है।

### आत्महत्या करने के लिए रेलवे लाइन पर लेटा

**बरेली, अमृत विचार :** आत्महत्या करने के लिए 47 वर्षीय व्यक्ति रेलवे लाइन पर लेट गया। आरपीएफ ने उसे हटाकर परिजनों के सुपुर्द किया। आंवला स्टेशन यार्ड में बुधवार सुबह एक व्यक्ति लाइन पर गर्दन रखकर लेटा हुआ था। कुछ लोगों ने देखा तो आरपीएफ को जानकारी दी। आरपीएफ ने उसे हटाया। उसने बताया कि उसका नाम अजयपाल है और वह बदायूं के वजीरगंज के गांव मालमपुर का रहने वाला है।

## शरीयत के नाम पर अब रुकेगा महिलाओं का उत्पीड़न

**बरेली। अमृत विचार :** सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसला लेते हुए कहा है कि कोई भी मुस्लिम तलाकशुदा महिला सीआरपीसी की धारा 125 के तहत पति से गुजारा भत्ता मिलने की हकदार है। इस फैसले के बाद तीन तलाक पीड़िता और आला हजरत हेल्पिंग सोसाइटी की अध्यक्ष निदा खान ने कहा है कि अब शरीयत के नाम पर मुस्लिम महिलाओं का उत्पीड़न नहीं किया जा सकेगा।

उन्होंने इसे बेहतरीन फैसला बताते हुए कहा कि मुस्लिम महिलाओं के अधिकार शरीयत के नाम पर छीने जाते हैं। गुजारा भत्ता को लेकर तर्क होता है कि जब महिला के साथ पुरुष नहीं रह रहा तो वह गुजारा भत्ता क्यों दे। उन्होंने कहा कि यह जरूरी नहीं कि शरीयत या रीति-रिवाजों में बदलाव हो। वह चाहती हैं कि सभी महिलाओं के लिए समान कानून होना चाहिए, क्योंकि गुजारा भत्ता गैर मुस्लिम महिलाओं के लिए आसान है, मगर मुस्लिम महिलाओं के लिए शरीयत का हवाला दिया जाता है।

# देश के लिए श्रेष्ठ नागरिक तैयार करती है स्काउटिंग : महेश गुप्ता

संवाददाता, बदायूं

● बीएसए ने स्वर्ण पदक जीतकर सिंगापुर से लौटे रामदास का स्वागत किया

**अमृत विचार :** स्काउट भवन प्रशिक्षण केंद्र पर जिला कार्यकारिणी की बैठक में सदस्यों को आय व्यय बजट की कापी दी गई। नवागत बीएसए वीरेंद्र कुमार सिंह और सिंगापुर से पदक प्राप्त कर लौटे रामदास यादव को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

जिला कार्यकारिणी की अध्यक्षता कर रहे जिला मुख्यायुक्त महेश चंद्र सक्सेना एडवोकेट ने कहा कि स्काउटिंग देश के लिए सर्वश्रेष्ठ नागरिक तैयार करती है। उन्होंने कहा वर्षों से जिले की स्काउट संस्था नियमित अतुलनीय सेवाएं करती आ रही है। कुष्ठ रोगियों की सेवा, बाढ़, भूकंप और प्राकृतिक आपदाओं में जनमानस की सेवा के लिए हमेशा आगे रहती।

बीएसए वीरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि बच्चों को श्रेष्ठ संस्कारों से सींचने के लिए जिले के विद्यालयों में स्काउटिंग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिससे बच्चे राष्ट्र के लिए उपयोगी सिद्ध हों। सहायक प्रदेशिक संगठन कमिश्नर नेहा कटियार ने कहा कि प्रादेशिक संस्था द्वारा 19 बिंदुओं की आख्या जिले से समय से प्रेषित की जाए। दिए गए लक्ष्य को समय से पूर्ण किया जाए।

जिला कार्यकारिणी की बैठक में जिला सचिव आलोक कुमार पाठक ने गत वर्ष की बैठक की कार्रवाई पढ़ कर सुनाई। जिसका सभी ने अनुमोदन किया। जिला कोषाध्यक्ष विनोद कुमार सक्सेना ने आय व्यय बजट प्रस्तुत किया। सीए द्वारा आडिट आय-व्यय बजट की कापी सदस्यों को दी गईं। सदस्यों ने जिले की स्काउट संस्था द्वारा किए जा रहे समाज सेवा कार्यों की सराहना की।

संचालन जिला संगठन आयुक्त मोहम्मद असरार ने किया।

इस मौके पर डीओसी सीमा यादव, डीटीसी सत्यपाल गुप्ता, कृपाल सिंह, विजय कुमार, नंदराम शाक्य, प्रो. गार्गी बुलबुल, अनीता जैन, मनोज कुमार सिंह, मनोहर लाल, पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

## एलएलबी, एलएलएम और एमएड प्रवेश परीक्षा आज

**बरेली ।** रुहेलखंड विश्वविद्यालय की एलएलएम, एलएलबी और एमएड प्रवेश परीक्षा गुरुवार को आठ केंद्रों पर होगी। बरेली और मुरादाबाद मंडल में बने केंद्रों पर 5835 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। एलएलबी और एलएलएम की प्रवेश परीक्षा सुबह 9 से 10:30 बजे तक और एमएड की परीक्षा दोपहर 1 से 2:30 बजे तक होगी। बरेली में रुहेलखंड विश्वविद्यालय में पांच केंद्रों मैकेनिकल इंजीनियरिंग, एमबीए, फार्मेसी, विधि विभाग और इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रूमेंटल विभाग में 3302 अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा देंगे। मुरादाबाद जिले में हिंदू कॉलेज और केजीके कॉलेज मुरादाबाद के परीक्षा केंद्रों पर 2551 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे।

कुछ अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्रों में संशोधन किया गया था। संशोधित प्रवेश पत्र जारी किए जा चुके हैं और इसकी सूचना अभ्यर्थियों को मेसेज और फोन पर दी गई है।

# स्नातक में लिखित के साथ दे सकेंगे प्रयोगात्मक परीक्षा भी

बरेली कार्यालय

● 40 क्रेडिट पूरे करने के लिए थ्योरी के साथ होगी प्रयोगात्मक परीक्षा

**अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने स्नातक में प्रवेश के लिए माइनर पेपर (गौण विषय) के चयन में संशोधन किया है। अब छात्र माइनर पेपर में लिखित के साथ प्रयोगात्मक परीक्षा भी देंगे। इसके अलावा उन्हें दूसरे संकाय की बाध्यता भी खत्म कर दी है। स्नातक में प्रवेश के लिए विश्वविद्यालय के पोर्टल पर बुधवार तक पंजीकरण हुए। गुरुवार को महाविद्यालयों को मेरिट के आधार पर प्रवेश लेने होंगे।

कुलसचिव संजीव कुमार के मुताबिक राष्ट्रीय शिक्षा नीति के परिप्रेक्ष्य में 18 कार्यान्वयन बिंदु निर्धारित किए गए हैं। विश्वविद्यालय ने एल-4 एडॉप्शन ऑफ गाइडलाइंस ऑन करिकुलर एंड क्रेडिट फ्रेमवर्क फॉर फोर ईयर अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम के संबंध में 3 अप्रैल को निर्देश जारी किए थे। जिसमें कई दिक्कत आ रहीं हैं। महाविद्यालयों और छात्रों की सुविधा के लिए इसमें संशोधन किया है जो सत्र 2024-25 की प्रवेश प्रक्रिया में लागू होगी। इसके तहत 40 क्रेडिट प्वाइंट पूरे करने के लिए विद्यार्थियों की माइनर पेपर में लिखित के साथ प्रयोगात्मक परीक्षा भी करायी जाएगी। प्रयोगात्मक विषयों को आवंटित करते समय जरूरी और छात्र संख्या को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय अपने संशाधनों और विषय संयोजन के आधार पर आवंटन कर सकेंगे।

माइनर विषय दूसरे संकाय से लेने की बाध्यता समाप्त कर दी गई है। विषय संयोजन में आ रही दिक्कत की वजह से भाषा संकाय को कला संकाय में समाहित किया जाता है।

### 1 लाख 30 हजार पंजीकरण, आज से होंगे प्रवेश

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय से संबंध महाविद्यालयों में स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए 1 लाख 30 हजार छात्रों ने पंजीकरण कराए हैं। पंजीकरण की अंतिम तिथि 10 जुलाई थी अब 11 जुलाई से महाविद्यालय मेरिट के आधार पर प्रवेश लेंगे। बरेली कॉलेज में 11 जुलाई तक पंजीकरण होंगे और इसके बाद मेरिट जारी की जाएगी। विश्वविद्यालय के मुख्य प्रवेश नियंत्रक प्रो. एसके पांडेय ने बताया कि स्नातक में प्रवेश के लिए एक लाख 30 हजार पंजीकरण हो गए हैं और अब महाविद्यालयों में प्रवेश शुरू हो जाएंगे।

Lifelines OF BAREILLY
MEDICAL
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- • घबराहट • छाती में दर्द या भारीपन • सांस फूलना • पैरों में सूजन • हाई ब्लडप्रेशर • हाई कोलेस्ट्रोल • डाइबिटीज (शुगर) • सीने या पेट में जलन या दर्द • हार्ट अटैक • हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
60000 से अधिक ऑपरेशन का अनुभव
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जांच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकोमा की जांच उपलब्ध
डॉ. आदित्य त्यागी
8077344353
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयां द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रुहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

### रामगंगा का जलस्तर 160.980 मीटर, 161 के बाद खतरा

**बरेली, अमृत विचार :** बारिश की वजह से रामगंगा का जल स्तर लगातार बढ़ रहा है। इससे आसपास के क्षेत्रों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। बुधवार शाम 4 बजे तक रामगंगा का जलस्तर 160.980 मीटर था। 161 के बाद खतरा बढ़ जाएगा। बाढ़ खंड विभाग के अफसरों ने बाढ़ चौकियों और सुरक्षा समितियों को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए हैं। 161 मीटर जलस्तर पहुंचने पर रामगंगा के आसपास के खेतों में पानी भर जाएगा। नदी का पानी आबादी क्षेत्र में भी पहुंच सकता है। हालांकि, अभी रामगंगा में मिलने वाली खो और कोसी नदी में पानी डिस्चार्ज नहीं किया गया है। नदी में आसपास के क्षेत्रों में रुका बरसात का पानी पहुंच रहा है।

# परिवहन निगम के नोडल अफसर को मिलीं खामियां

बरेली कार्यालय

● बदायूं बस अड्डे पर गंदगी मिलने पर जताई नाराजगी

**अमृत विचार :** परिवहन निगम के नोडल अफसर सत्यनारायण ने बुधवार को बदायूं और फरीदपुर बस अड्डे का निरीक्षण किया। बदायूं में बस अड्डे पर गंदगी मिलने पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की। उनके निरीक्षण के दौरान सेटेलाइट और पुराने बस अड्डे पर भी व्यवस्थाएं दुरुस्त रहीं। पुराने रोडवेज बस अड्डे पर वाटर एटीएम भी बंद रहा।

नोडल अफसर के आने की सूचना मिलने पर पुराने रोडवेज पर सभी बसें व्यवस्थित खड़ी थीं। बस अड्डे के अंदर कार्यालय के बाहर चूने का छिड़काव भी किया गया था। इसके अलावा अनियमित गतिविधियां भी बंद रहीं। नोडल अफसर ने बताया कि बदायूं में 148 बसें हैं लेकिन चलती केवल 95 ही हैं। वहां बसों को शत प्रतिशत चलवाने के निर्देश दिये हैं। बदायूं में बस अड्डे के टायलेट और फर्श में गंदगी मिलने पर प्रबंधक से नाराजगी जताते हुए चेतावनी दी है। उन्होंने बताया कि फरीदपुर बस अड्डा तो ठीक है लेकिन यहां चौराहे तक बसें आती हैं और चली जाती हैं लेकिन बस अड्डे के अंदर नहीं जाती हैं। उन्होंने बसों को अड्डे पर आने के निर्देश दिये हैं। नोडल अफसर ने बताया कि उन्हें इस बात की जानकारी है कि बरेली का वाटर एटीएम उनके आने पर बंद हो जाता है। गुरुवार को निरीक्षण में इसकी वजह जानेंगे कि यहां ऐसा क्यों होता है।

# उझानी में चलाया गया पूरी पढ़ाई देश की भलाई जागरुकता अभियान

संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** 'पूरी पढ़ाई देश की पढ़ाई अभियान' के अंतर्गत आज दिनांक को उझानी में अभियान चलाया गया जिसके अंतर्गत खंड विकास अधिकारी उझानी के समन्वय से ब्लॉक सभागार मे जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी श्री सर्वज्ञ अग्रवाल द्वारा की गई! बैठक मे संस्था समन्वयक मो हन्नान खान द्वारा ''पूरी पढ़ाई देश की भलाई'' अभियान के बारे मे विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य लड़कियों को माध्यमिक शिक्षा तक जोड़ना है! संस्था टीम विभिन्न जागरूकता बैठकों के माध्यम से बालिकाओं की शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रयासरत है संस्था समन्वयक की बात का समर्थन करते हुए बैठक मे उपस्थित सभी सदस्यों ने प्लेज कार्ड पर हस्ताक्षर कर बालिका शिक्षा को बढ़ावा दिया! अभियान के अगले क्रम में थाना कोतवाली उझानी के थाना प्रभारी श्री मनोज कुमार ने अभियान का समर्थन करते हुए कार्य की सराहना की तथा बालिकाओं को शिक्षा के क्षेत्र में अधिक से अधिक प्रोत्साहन देने के लिए हस्ताक्षर बैनर पर हस्ताक्षर किये! कार्यक्रम के अंत में खंड शिक्षा अधिकारी श्री प्रशांत सिंह राठौड़ द्वारा संस्था द्वारा किए गए कार्यों की सरहाना की और ज़्यादा से ज़्यादा बच्चों का नामांकन करवाने तथा विद्यालय में बच्चों का ठहराव बनाने को लेकर बात की गई साथ ही साथ हस्ताक्षर बैनर पर हस्ताक्षर कर बालिका शिक्षा अभियान कर समर्थन किया! इस अभियान में संस्था टीम से मो० हन्नान खान, ग्यादीन शर्मा, साक्षी शर्मा, गौरव कुमार, कुसुम माहेश्वरी तथा उमराय सिंह का मुख्य रूप से योगदान रहा ।

## सार-संक्षेप

### समाजसेवी ने लगाया मां के नाम का पौधा

**संवाददाता, दबतोरी, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत परसिया निवासी समाजसेवी सुनील कुमार सिंह अपने घर के पास जमीन पर एक पौधा मां के नाम लगाया। साथ ही ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि वह भी माता पिता के नाम एक पौधा अवश्य लगाएं। समाजसेवी सुनील कुमार सिंह प्रत्येक वर्ष लगभग 10 पौधे गांव में लगाते आ रहे हैं। 15 जुलाई से वह अपने सहयोगियों के साथ घर-घर जाकर एक एक पौधा माता-पिता के नाम लोगों को लगाने के लिए प्रेरित करेंगे। जिससे पौधे सुरक्षित बने रहे और आने वाले समय में पर्यावरण भी शुद्ध रहेगा और मानव जीवन भी सुरक्षित रहेगा।



### ग्लोबल वार्मिंग से बचने को मां के नाम लगाया पौधा

**संवाददाता, बिल्सी। अमृत विचार :** बुधवार को बाबा इन्टरनेशनल स्कूल में ग्लोबल वार्मिंग जैसी चुनौतियों से बचने के लिए एक पेड़ के नाम का लगाया गया। बच्चों ने शिक्षकों के सहयोग से विद्यालय प्रांगण में छात्रों एवं शिक्षकों ने पौधरोपण किया। साथ ही पौधो की देखभाल का संकल्प भी लिया। डायरेक्टर अनुज वार्ष्णेय व साधना वार्ष्णेय ने कहा कि एक पेड़ मां के समान है। जैसे मां अपने बच्चों को सजाती एवं संवारती है, भोजन कराती है, ठीक उसी तरह एक पेड़ हमें फल एवं शुद्ध हवा देता है। जिससे हम आज खुली सांस ले पा रहे है, इसलिए मेरा सभी से आग्रह है कि आप सभी विद्यार्थी अपने जीवन में एक पौधा अवश्य लगायें। इस मौके पर प्रधानाचार्य रूपा माहेश्वरी, प्रशासक अमित माहेश्वरी व समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



### भारत विकास परिषद का स्थापना दिवस मनाया

**वजीरगंज। अमृत विचार :** भारत विकास परिषद श्री मंगला माता शाखा द्वारा परिषद का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के उपरांत शाखा सदस्यों द्वारा पौधे रोपे गए। बुधवार को शाखा अध्यक्ष नेमपाल सिंह, सचिव गुरुदेव शर्मा एवं महिला संयोजक कुमारी हेमलता शर्मा की अगुवाई में परिषद का स्थापना दिवस ओम ट्रेडर्स पर मनाया गया। कार्यक्रम में परिषद के समस्त सदस्य एवं दायित्व धारियों ने परिषद की नई कार्य शैली पर प्रकाश डाला। समाज में उत्कृष्ट कार्य करने पर विचार विमर्श किया। इसके पश्चात परिषद के सदस्यों एवं महिला सदस्यों सहित वृक्षारोपण किया गया। इस मौके नेमपाल सिंह, सुग्रीव वार्ष्णेय, गुरुदेव शर्मा, अरुण शेखर आदि मौजूद रहे।



## आज का मौसम

आसमान में बादल छाए रह सकते हैं।

33⁰ अधिकतम तापमान | 28⁰ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.27 | सूर्यास्त 07.14

## जिले में आज

- जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में ऑपरेशन जागृति अभियान फेस-2 पुलिस द्वारा जागरूकता कार्यक्रम सुबह 10 बजे से।
- जनसंख्या समाधान फाउंडेशन द्वारा मांगों को लेकर कलक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन सुबह 11 बजे से।
- भाजपा द्वारा मतदाता अभिनंदन समारोह ब्लॉक परिसर कासगंज में दोपहर 12 बजे से।
- प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा बीएसए कार्यालय पर विकास भवन पर प्रदर्शन एवं ज्ञापन तीन बजे से।

### भट्टा मजदूर सर्पदंश से बेहोश

**कासगंज :** ढोलना थाना क्षेत्र के हरसैना एसकेपी भट्टा पर मजदूरी कर रहे मजदूर को सर्प ने दंश मार दिया। एम्बुलेंस के ईएमटी भूपेंद्र पायलट धर्मेंद्र ने बताया सर्प दंश का शिकार मजदूर 35 वर्षीय बहादुर सिंह पुत्र ओमपाल है, जोकि एसकेपी भट्टा पर ईंट पथाई का काम करता है। इलाज के बाद उनकी हालत में सुधार है।

# गंगा में उफान: बाढ़ से बचाव की तैयारियों में न रह जाए कोई कमी

## मंडलायुक्त एवं आईजी ने गांव बरोना के बांध का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए सतर्कता के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** बाढ़ को लेकर प्रशासन सतर्क हो गया है। ग्रामीणों को नुकसान से बचाने की कबायद की जा रही है। अलीगढ़ की मंडलायुक्त एवं आईजी ने बुधवार को गांव बरोना के बांध का निरीक्षण किया। बाढ़ प्रबंध की तैयारियों को देखा। ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याएं जानीं। अधिकारियों को बाढ़ के चलते सतर्कता बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही बाढ़ से बचाव की तैयारियों को बेहतर तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए।

मंडलायुक्त चैत्रा वी एवं आईजी शलभ माथुर ने डीएम मेधा रूपम, एसपी अपर्णा रजत कौशिक के साथ पटियाली तहसील क्षेत्र के गांव बरोना पहुंचकर बांध का निरीक्षण किया। संभावित बाढ़ से निपटने के लिए की गई तैयारियों को मौके पर देखा।

सिंचाई विभाग के अधिकारियों से गत वर्ष आई बाढ़ की स्थिति के दृष्टिगत किसी भी प्रतिकूल परिस्थिति से निपटने तथा संभावित बाढ़ से बचाव और राहत कार्यों की तैयारियों की जानकारी ली। मंडलायुक्त ने अधिशाषी अभियंता सिंचाई से कहा कि बांध और बाढ़ से बचाव के लिए किए गए कार्यों की पूरी प्रोजेक्ट रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। जहां कहीं बांध में कटान हो, उसे तत्काल ठीक कराया जाए जिससे गांव में जलभराव न हो सके। मंडलायुक्त ने ग्रामवासियों से बातचीत कर उनकी समस्यायें सुनीं और अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी सुरक्षात्मक उपाय प्राथमिकता से कर लिए जाएं जिससे जल स्तर बढ़ने पर ग्रामवासियों को कोई समस्या न हो। कटान रोधक कार्यों को तेजी से पूरा किया जाए। बाढ़ चौकियां पूर्ण रूप से सक्रिय रहें। बढ़ते जल स्तर और बांधों पर हर समय नजर रखी जाए। चिकित्सा कैंप, पशु टीकाकरण, पेयजल व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट, बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने पर राहत शिविर, दवाओं की उपलब्धता, मेडिकल किट्स, तटबंधों की सुरक्षा, गोताखोर व नावों, क्षतिग्रस्त होने वाले मार्गों को तत्काल ठीक कराने सहित समस्त व्यवस्थाएं पूर्ण रखी जाएं।

सीडीओ सचिन, एडीएम राकेश कुमार पटेल, एएसपी राजेश भारती, एसडीएम कुलदीप सिंह, सीओ विजय कुमार राणा सहित सिंचाई विभाग के अवर अभियंता ग्राम प्रधान एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।



गांव बरोना में गंगा के जलस्तर का निरीक्षण करतीं मंडलायुक्त चैत्रा वी, आईजी शलभ माथुर, डीएम मेधा रूपम। ● अमृत विचार



गांव बरोना के ग्रामीणों से बात कर उनकी समस्याएं सुनतीं मंडलायुक्त चैत्रा वी। ● अमृत विचार

### बरोना में अव्यवस्था देख गुस्साईं डीएम

गांव बरोना में टूटी सड़कें, गंदगी और सार्वजनिक शौचालय की दुर्दशा देख डीएम मेधा रूपम के तेवर तल्ख हो गए। उन्होंने ग्राम पंचायत सचिव एवं ग्राम प्रधान के प्रति नाराजगी जताई। चेतावनी दी कि समय रहते सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त की जाए। ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। यदि व्यवस्थाएं दुरुस्त नहीं हुई तो कार्यवाही के लिए तैयार रहें।

### सिंचाई विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर ग्रामीणों में दिखा आक्रोश, जताई नाराजगी

मंडलायुक्त और आईजी ने ग्रामीणों से समस्याएं पूछीं तो ग्रामीणों ने अपना आक्रोश सिंचाई विभाग के प्रति दिखाया। ग्रामीणों का कहना था कि बाढ़ की रोकथाम के सारे प्रयास आधे-आधूरे हैं। किसी भी प्रकार कोई सुविधा ग्रामीणों को नहीं दी जा रही है। अधिकारी लापरवाह हैं। किसी की नहीं सुनते हैं। दो दिन पूर्व लगाए गए स्टंड भी पुन: गंगा के पानी में समा गए हैं। बालू की बोरियां फट गई है। यदि बाढ़ आती है तो बरोना खत्म हो जाएगा। इसके साथ साथ 40 गांवों भी बाढ़ से प्रभावित होंगे। मंडलायुक्त और आईजी ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि संभावित बाढ़ को रोकने के लिए हर प्रयास किए जाएंगे। बड़े स्तर पर तैयारियां चल रही हैं।



सिंचाई विभाग के अधिकारियों से जानकारी लेतीं मंडलायुक्त चैत्रा वी, आईजी शलभ माथुर।

- ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याएं जानीं
- दवाएं, गोताखोर और नावों की व्यवस्था करने को कहा

# पर्यावरण संतुलन के लिए पौधे लगाएं

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** लायंस क्लब कासगंज गोल्ड द्वारा बुधवार को शहर के नदरई गेट स्थित गोशाला पर पौध रोपण कार्यक्रम किया। मुख्य अतिथि जीएसटी कमिश्नर सहित क्लब के पदाधिकारियों ने फल, फूल, औषधि एवं छायादार पौधों को रोपित कर उनके पोषण का संकल्प लिया। गोशाला में 100 से अधिक पौधे रोपित किए गए।

मुख्य अतिथि जीएसटी कमिश्नर सत्य प्रकाश उमराव ने कहा कि वृक्ष लगाना परम आवश्यक है। परिवार के सभी सदस्यों को एक-एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। वृक्षों की संख्या बढ़ेगी तो पर्यावरण भी संतुलित रहेगा। उन्होंने कहा कि अधिक से पौध लगाकर उनके पोषण का भी संकल्प लें। लायंस क्लब गोल्ड के अध्यक्ष मनोज सिंघल एवं सचिव गौरव अग्रवाल ने कहा कि पौधारोपण ही स्वच्छ वातावरण की युक्ति है। लायंस क्लब के पदाधिकारी एवं मुख्य अतिथि ने बेलपत्र, शमी, बरगद, तुलसी, केला, आंवला, एलोवेरा, करीपत्ता, बबूल, नीम, पीपल आदि के पौधे रोपित किए। गायों के लिए हरी सब्जियां, रोटी, गुड़, भूषा खिलाकर सदस्यों ने सेवा की। लायन पंकज अग्रवाल, सतीश गुप्ता, अखिलेश अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, सौरभ सिंघल विवेक बंसल, लकी वार्ष्णेय, अजय अग्रवाल अमित वार्ष्णेय, अंकित अग्रवाल चंद्रशेखर महेश्वरी, नितिन अग्रवाल मनीष अग्रवाल सौरभ गुप्ता विकास अग्रवाल, मनोज अग्रवाल चीकू, पीयूष गोयल मौजूद रहे।



नदरई गेट स्थित गोशाला में पौधारोपण करते लायंस कासगंज गोल्ड के पदाधिकारी।

- लायंस क्लब गोल्ड ने नदरई गेट स्थित गोशाला में किया पौधारोपण
- जीएसटी कमिश्नर सहित क्लब के पदाधिकारियों ने लगाए औषधि पौधे

# युवक ने फंदा लगाकर किया खुदकुशी का प्रयास

**कासगंज।** युवक ने गृहक्लेश के चलते पंखे से फंदा लगाने का प्रयास किया। परिजन युवक को फंदे से उतार कर जिला अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद युवक की गंभीर हालत को देखते हुए अलीगढ मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। ढोलना थाना क्षेत्र के गांव नारायणी निवासी बिजेंद्र कुमार के पुत्र गौरव मंगलवार की रात लगभग 11:30 बजे पंखे पर फंदा बनाकर लटक गया। जानकारी परिजनों को हुई तो चीख पुकार मच गई। वे गौरव को उतार कर बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए अलीगढ मेडिकल कॉलेज के लिए भेज दिया है। ढोलना इंस्पेक्टर ने बताया कि आत्म हत्या के प्रयास का कोई मामला संज्ञान में नहीं आया है।

# राहत: बैराजों से घटा गंगा में पानी का डिस्चार्ज
# कछला ब्रिज पर भी आई जलस्तर में गिरावट

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** बुधवार को गंगा नदी में बैराजों से पानी का डिस्चार्ज कम हुआ है। डिस्चार्ज कम होने से कछला ब्रिज पर भी पानी के गेज में कमी आयी है , लेकिन किसी भी विषम परिस्थिति से निपटने के लिए जिला प्रशासन ने कमर कसी है। बाढ़ संभावित गांवों में ग्राम सचिव, रोजगार सेवक एवं लेखपाल निगरानी कर रहे हैं। डीएम ने सभी एसडीएम को भी तटवर्ती के गांवों का निरीक्षण करते रहने के निर्देश दिए हैं।

बीते पांच दिनों में गंगा के जलस्तर में बढ़ोत्तरी हो रही है। बुधवार को बैराजों से पानी का डिस्चार्ज घटा तो सिंचाई विभाग ने संभावना जताई है कि यदि पहाड़ों पर बारिश थमी तो गंगा के जलस्तर में संभवतः बढ़ोत्तरी नहीं होगी। बैराजों से पानी का डिस्चार्ज कम होने से कछला गंगा नदी पर भी पानी का गेज मंगलवार के सापेक्ष कुछ कम हुआ है। वैसे तो अभी गंगा सामान्य पर ही बह रही है, लेकिन पटियाली क्षेत्र में बरोना पर बना बांध टूट जाने से यहां हालात थोड़ खराब हुए। फसली भूमि से होता हुअ गंगा की बाढ़ का पानी आबादी से टकरने लगा था। इससे ग्रामीणों और प्रशासन की चिंता बढ़ गई थी। यहां अभी हालात में कोई अधिक सुधार नहीं है। संभावित बाढ़ को लेकर ग्रामीण काफी चिंतित हैं।



गांव बरोना में मचलती गंगा की लहरें। ● अमृत विचार

- किसी भी तरह की विषम परिस्थितियों से निपटने के लिए प्रशासन ने कसी कमर
- बाढ़ संभावित गांवों में सचिव, रोजगार सेवक और लेखपाल बनाए हैं निगरानी

### बैराजों से पानी का डिस्चार्ज

- हरिद्वार बैराज : 41307 क्यूसेक
- बिजनौर बैराज : 19978क्यूसेक
- नरौरा बैराज : 57514 क्यूसेक
- कछला ब्रिज पर गंगा का गेज 172.90 मीटर

जिले में गंगा सामान्य स्तर पर बह रही है। बाढ़ की संभावना फिलहाल नहीं है। फिर किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए तैयारियां पूरी हैं। रोजगार सेवक लेखपालों एवं सचिवों की ड्यूटियां लगाई हैं। जो गंगा पर हर समय नजर रखे हुए है। सिंचाई विभग भी सतर्कता बनाए हुए है। – **मेधा रूपम**, डीएम

# शिविर लगाकर कांवड़ियों की सेवा करें समाज सेवी

कार्यालय संवाददात, कासगंज

**अमृत विचार :** कांवड़ यात्रा एवं मुहर्रम को लेकर मंगलवार की देर शाम नदरई ग्राम पंचायत भवन पर समाजसेवियों, होटल संचालकों, ग्राम प्रधानों, पेट्रोल पंप स्वामियों के साथ बैठक कर एसपी ने व्यवस्था में सहयोग की अपील की। समाजसेवियों से कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़ियों की सेवा के लिए शिविर लगाने का आह्वान किया। उन्होंने व्यवस्थाओं को लेकर सुझाव भी आमंत्रित किए।

एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने कहा कि अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाएं, जो खराब हैं उन्हें सही कराएं। कांवड यात्रा के मार्ग पर पीस कमेटी के सदस्य एवं वालंटियर्स नियुक्त करने की अपील की । होटल, ढाबा संचालकों को साफ-सफाई, श्रद्धालुओं के स्नान एवं नित्यक्रिया के लिए व्यवस्था किए जाने तथा आवश्यक सामग्री की रेट लिस्ट चस्पा किए जाने के निर्देश दिए। कहा कि साफ सुथरी छवि के लोगों को वालंटियर्स नियुक्त करेंगे जिनको थाने से कार्ड प्रदान किए जाएंगे। एएसपी राजेश भारती, सीओ सिटी अजीत चौहान सहित पीस कमेटी सदस्य, ग्राम प्रधान व सभ्रांत नागरिक मौजूद रहे।

- होटल, ढाबा संचालक, पेट्रोल पंप स्वामी प्रतिष्ठानों पर बनाए रखें सफाई
- एसपी ने सभ्रांत नागरिकों के साथ बैठक कर व्यवस्था में मांगा सहयोग



होटल, ढाबा संचालकों के साथ बैठक करतीं एसपी अपर्णा रजत कौशिक।

### सोशल मीडिया पर रहेगी पुलिस की नजर

एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने कहा कि विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पुलिस दृष्टि बनाए हुए है। यदि कोई भी व्यक्ति सौहार्द बिगाडने वाली पोस्ट या अफवाह फैलाने का प्रयास करेगा तो उसके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

### पर्वों के मद्देनजर देर रात एसपी ने किया भ्रमण

मंगलवार की देर रात एसपी अपर्णा रजत कौशिक द्वारा कांवड यात्रा एवं मोहर्रम के दृष्टिगत शहर में एएसपी राजेश कुमार भारती व क्षेत्राधिकारी अजीत चौहान सहित मय पुलिस बल के बाजार एवं मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पैदल गश्त किया गया। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों के वाहनों एवं शराब ठेकों व होटल, ढाबों की चैकिंग कराई गई। एसपी ने संबंधितों को निर्देश दिए कि वाहन चेकिंग निरंतर की जाए।

# बेहतर शिक्षा से ही स्कूलों में बढ़ेगी बच्चों की संख्या

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बुधवार को मुनब्बरपुर प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। विद्यालय में खामियों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। साथ ही विद्यालय में बच्चों की संख्या बढाने के निर्देश दिए।

विद्यालय में साफ सफाई और बच्चों की कम संख्या को लेकर बीएसए ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने विद्यालय में मौजूद शिक्षक, शिक्षकाओ से बच्चों की संख्या को बढाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परिषदीय विद्यालय में शिक्षक, शिक्षकाएं बेहतर से बेहतर शिक्षा देने का काम करें, तभी बच्चों की संख्या में बढोत्तरी होगी। निजी स्कूलों की तर्ज पर विद्यालय में पढाई करें। गांव में जाकर अभिभावकों से मिले और बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करें।



मुनब्बरपुर प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण करते बीएसए सूर्यप्रताप सिंह।

शासन के निर्देश पर परिषदीय विद्यालयों को निरीक्षण किया जा रहा है। विद्यालयों में शिक्षक, शिक्षकाएं समय से स्कूल पहुंच रहे हैं या नहीं इन सब चीजों को लेकर निरीक्षण किये जा रहे हैं। मुनब्बरपुर विद्यालय में बच्चों की समस्या कम थी। उन्हें बढाने के निर्देश दिए हैं। – **सूर्य प्रताप सिंह**, बीएसए कासगंज।

# सहावर में आए दिन जाम से होती है लोगों को मुसीबत



सहावर में मुख्य मार्ग पर लगे जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार

संवाददाता, सहावर

**अमृत विचार :** सहावर में मुख्य मार्ग पर सुबह जाम लगने से बड़ी परेशानी हो रही है। इससे नौकरी पेशा लोग ऑफिस समय से नहीं पहुंचते हैं। अन्य लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

इन दिनों सहावर में सोरों मार्ग पर ही आम की खरीद फरोख्त की जाती है। सहावर में मार्ग काफी संकरा है, आमने-सामने दो वाहन मुश्किल से गुजर पाते हैं। जिस कारण जाम लग जाता है। सुबह के समय अधिकतर अध्यापक व अन्य नौकरी पेशा वाले लोग जाते हैं। इन्हें समय से पहुंचना मुश्किल हो जाता है। मार्ग अवरुद्ध होने की स्थिति में दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। इंस्पेक्टर लोकेश सिंह भाटी ने बताया कि जाम खुलवाने के लिए होमगार्ड एवं पुलिस कर्मियों की ड्यूटियां लगाई हैं। वाहनों के दबाव के चलते कस्बा में जाम के हालात पैदा हो जाते हैं।

- सुबह के समय नौकरी पेशा लोग होते हैं ज्यादा परेशान

# 58 नव नियुक्त लेखपालों को बांटे गए नियुक्ति पत्र

**कासगंज, अमृत विचार:** विधायक और जिलाधिकारी ने नवनियुक्त लेखपालों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। नियुक्ति पत्र पाकर अभ्यार्थियों के चेहरो पर खुशी देखी। जिले में 58 अभ्यार्थियों को नियुक्ति पत्र दिए गए।

सदर विधायक देवेंद्र राजपूत एवं अमांपुर के विधायक हरिओम वर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश की सरकार युवाओ को रोजगार देने का काम कर रही है। हजारों शिक्षको को नियुक्तियां हो चुकी है। जिसमें जिले के सैकडो युवाओ को नियुक्ति का अवसर मिला है। विधायको ने कहा कि सभी अपने कर्तव्य और दायत्वों को ईमानदारी के साथ निभाए। जिलाधिकारी मेधा रूपम ने सभी को नव नियुक्त लेखपालों को शुभकामनाएं दीं। अपर जिलाधिकारी राकेश पटेल ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

# स्कूल चलो अभियान के तहत किया जागरूक





कस्बा पटियाली में स्कूल चलो अभियान की रैली निकालते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

संवाददाता, पटियाली

**अमृत विचार :** कस्बा पटियाली में स्कूल चलो अभियान के तहत श्रीजगदीश स्वरूप सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली निकाली। अभिभावकों को जागरूक कर बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया। जगह जगह लोगों ने रैली में चल रहे बच्चों का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

रैली का शुभारंभ मुहल्ला कटरा राजा साहब स्थित विद्यालय प्रांगण से मुख्य अतिथि विद्यालय सहव्यवस्था प्रमुख रामवीर सिंह राठौड़ ने हरी झंडी दिखाकर किया। रैली पटियाली नगर में डाकघर गली, मैन चौराहा होते हुए में मार्केट नरदोली रोड, मुहल्ला चौक, मछली मंडी होते हुए गंजडुंडवारा रोड, अलीगंज रोड धूमरी चौराहा से कानून गोयन कटरा राजा साहब होते हुए विद्यालय प्रांगण में समाप्त संपन्न हुई। प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार ने बताया यह विद्यालय उत्कृष्ट शिक्षा का प्रमुख केंद्र है। उन्होंने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर में शिक्षा का बेहतरीन प्रबंध रहता है।

कार्यालय प्रमुख सत्यराम शर्मा, अध्यक्ष रमन गुप्ता, कोषाध्यक्ष डॉ. शिवप्रताप सिंह , सहव्यवस्था प्रमुख रामवीर सिंह राठौड़, मुकेश बाबू, शिवाकांत दलेला, नूतन दुबे, शिवानी तिवारी, रामशरण, सुशील कुमार, आकाश मिश्रा, गोविंद मिश्रा, रितेश मिश्रा, आदित्य कुमार, यशवर्धन सहित बड़ी संख्या छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

- रैली निकाल अभिभावकों को बच्चों को स्कूल भेजने के लिए किया प्रेरित

# खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने स्कूलों में जांचा एमडीएम

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** स्कूली बच्चों को मिलने वाले मध्यान्ह भोजन में गुणवत्ता लाने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग के अधिकारियों ने चेकिंग अभियान शुरु किया है। पहले दिन नगर के चार स्कूलों को चेक किया। दो स्कूलों से दाल चावल के नमूने संग्रहित कर जांच के लिए भेजे हैं। चेकिंग से स्कूल प्रधानाचार्यों में हड़कंप मचा हुआ है।

डीएम मेधा रूपम शिक्षा ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि स्कूलों में मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता परखे। इसके बाद टीम ने प्राथमिक विद्यालय मुहल्ला नाथुराम, मोहन नगर प्राथमिक विद्यालय, सोरों गेट प्राथमिक विद्यालय, मामो प्राथमिक विद्यालय में माध्यान्ह भोजन को चेक किया। भोजन तैयार करने वाले मसालों और रिफाइंड को चेक किया। दो स्कूलों में अच्छा भोजन न मिलने पर दाल चावल के नमूने संग्रहित कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। स्कूल प्रधानाचार्यो में खलबली मची हुई है।



भोजन की जांच करते कर्मचारी।

- दो स्कूलों से दाल चावल के नूमने संग्रहित कर भेजे जांच के लिए

डीएम के निर्देश पर स्कूलों में एमडीएम को चेक किया जा रहा है। आज चार स्कूल चेक किए गए थे। दो स्कूलों से दो नमूने संग्रहित किए गए हैं। उन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। फेल होने पर संबंधितों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। –**सुनील कुमार**, खाद्य सुरक्षा आयुक्त सेकंड

भगन्दर, बवासीर

सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा

सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071



डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ
आयुष मंत्रालय
भारत सरकार, नई दिल्ली
भू,पू, वरिष्ठ लेक्चरार
एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षों का कुशल अनुभव



डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ
बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस

गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना

समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश

# जमीन को लेकर मारपीट ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या

## दोनों पक्षों में जमकर चलीं लाठियां, आधा दर्जन लोग घायल

संवाददाता, सोरोंजी

**अमृत विचार :** जमीन के विवाद में दो पक्षों में संघर्ष हो गया। जमकर लाठियां चलीं। ट्रैक्टर से कुचलकर एक की हत्या कर दी गई। पुलिस ने घायलों को स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गांव में तनाव का माहौल है। ऐहतियात के तौर पर पुलिस तैनात की गई है।

गांव बरौदा में शिवराम और हरिओम के परिवारों के बीच एक जमीन को लेकर विवाद है। शिवराम विवादित जमीन को अपनी पुस्तैनी बताते हुए जोतता आ रहा था। इस विवादित भूमि पर गुरुवार की शाम दूसरे पक्ष ने जोताई की। इसी बात को लेकर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। कहासुनी के बाद मामला बढ़ा तो मारपीट होने लगी। दोनों पक्षों की ओर से लोग एकत्रित हुए। जमकर लाठियां चलीं। आरोप है कि इसी दौरान हरिओम पक्ष की ओर से ट्रैक्टर से कुचलकर शिवपाल के पुत्र मानपाल की हत्या कर दी गई। मारपीट की घटना में अमर सिंह, रुकमेश, रामभरोसे, विजेंद्र सिंह सहित छह लोग घायल हो गए। घटना की जानकारी ग्रामीणों द्वारा सोरों कोतवाली पुलिस को दी गई। इंस्पेक्टर भोजराज अवस्थी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घायलों को सोरों के स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति है। पुलिस की तैनाती कर दी गई है।

- **मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को पहुंचाया स्वास्थ्य केंद्र**

ट्रैक्टर की चपेट में आ कर मानपाल सिंह पुत्र शिवराम की मौत हुई है। मारपीट में कुछ लोग घायल भी हुए हैं। घायलों स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मामले में अभी किसी भी पक्ष की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है। मामले में सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी।
**- भोजराज अवस्थी, इंस्पेक्टर**

### जानकारी मिलते ही दौड़े सीओ

गांव बरौदा में संघर्ष और एक की हत्या की जानकारी मिलते ही सीओ सदर अजीत सिंह चौहान पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे। उन्होंने घटना के संबंध में ग्रामीणों से जानकारी ली है। पुलिस को दोषियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए।

# सभासदों ने पालिका प्रशासन पर लगाया आरोप

**सोरों, अमृत विचार :** नगर पालिका प्रशासन द्वारा सरकारी ठेकों की निविदा की विज्ञप्ति समाचार पत्रों में प्रकाशित की गई थी। लेकिन किसी संस्था या व्यक्ति को नियमानुसार ठेका न देकर पालिका प्रशासन द्वारा अपने लोगों से मनमाने ढंग से अवैध वसूली करा रहा है। यह आरोप लगाते हुए नौ सभासदों ने जिलाधिकारी मेधा रुपम से पालिका प्रशासन की शिकायत की है।

सभासदों का आरोप है कि पालिका प्रशासन हठधर्मिता से मनमानी करने पर उतारू है। नियमानुसार हर वर्ष विभिन्न ठेकों से पालिका को अच्छा राजस्व प्राप्त होता था, किंतु इस बार पालिका प्रशासन ऐसा नहीं करके राजस्व का नुकसान कर रहा है। पवनेश सक्सेना, जयपाल, महरुद्दीन गाजी, सुनीता देवी, कौशर बेगम, विमलेश कुमारी, मीनू, मीना, बबली ने शिकायत की।

# बारिश से उफना गए खेत तेज हो गई धान की रोपाई



गांव नगला पोपी में खेत में धान की रोपाई करते किसान। ● अमृत विचार

संवाददाता, अमांपुर

- **1200 रुपये बीघा तक मजदूरी दे रहे किसान**
- **बारिश से धान की फसल को मिली संजीवनी**

**अमृत विचार :** बारिश थमने के साथ धान की रोपाई का कार्य तेज हो गया है। खेतों में किसान परिवार के साथ धान रोपते नजर आते हैं। बड़े किसान मजदूरों से धान की रोपाई करा रहे हैं।

बुधवार को अमांपुर क्षेत्र के किसान खेतों में धान की रोपाई करते नजर आए। अगले एक सप्ताह ऐसा ही मौसम रहा तो पिछड़ चुकी धान की रोपाई पूरी हो जाएगी। गांव बनूपुरा एवं गांव नगला पोपी के किसान किताब सिंह, केशवदेव, सरवन, प्रेम सिंह, राजकुमार, राकेश यादव का कहना है कि धान की रोपाई के लिए पिछले 20 दिनों से बारिश का इंतजार कर रहे थे। कई किसान उम्मीद छोड़कर वैकल्पिक खेती करने की तैयारी कर चुके थे लेकिन बारिश से अब उम्मीद बंधी है। किसान धर्मवीर यादव, मुलायम सिंह, ओमप्रकाश, कैलाश शाक्य, महीपाल ने बताया कि ध्यान शीघ्र रोपाई पर है। किसान मजदूरों को धान की रोपाई के लिए 1200 रुपये बीघा तक की मजदूरी दे रहे हैं।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

# बिजली चेकिंग अभियान से अधिवक्ता खफा

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



विद्युत विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

- **चेकिंग के नाम पर महिलाओं से बदसलूकी करने का लगाया आरोप**
- **अधिवक्ताओं ने अनिश्चितकालीन आंदोलन की दी चेतावनी**

**अमृत विचार:** अधिवक्ताओं ने विद्युत विभाग और बिजीलेंस द्वारा चलाए जा रहे बिजली चेकिंग अभियान को लेकर आक्रोश जताया। इनके विरुद्ध अनिश्चितकालीन हड़ताल कर आंदोलन की चेतावनी दी।

कासगंज बार एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश कुमार शर्मा ने बताया कि डीजीसी रेवन्यू भूपेंद्र सिंह की अनुपस्थिति में बिजली विभाग और बिजीलेंस की टीम उनके घर गई और वीडियो बनाने लगी।

महिलाओं ने विरोध किया तो बदसूलकी की। इससे पहले अधिवक्ता मुस्तफा कामिल के घर पर भी टीम जाकर अभद्रता कर चुकी है। बाद में टीम ने भूपेंद्र को आवास विकास कॉलोनी में सैटेलमेंट के नाम पर बुलाया। वहां रुपयों की मांग की गई। उन्होंने बताया बिजली विभाग का रवैया खराब है। बिना जांच पड़ताल के ही विद्युत विभाग एफआईआर करा रहे हैं। बिजली विभाग ने अपने रवैया को नहीं बदला तो अधिवक्ता अनिश्चितकालीन हड़ताल करने के लिए बाध्य होंगे।

राजेंद्र प्रसाद, राहत हुसैन, अभिषेक कुमार, मुमताज अहमद, ऋषीपाल, केशव मिश्रा, धीरज कुमार, अजय कुमार दीक्षित, भीमसेंन कुशवाह, स्वदेश शर्मा, विमलकांत गौड, अनुरोध सक्सेना, सतीश चंद्र, अशोक कुमार, महीपाल, मधुर वशिष्ठ, मुकेश कुमार, संदीप यादव, कुमारी अनीता भारद्वाज आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# अभाविप ने कराई निबंध लेखन प्रतियोगिता

संवाददाता, पटियाली



अभाविप के स्थापना दिवस पर निबंध प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी।

- **दो कॉलेजों के चार दर्जन से अधिक विद्यार्थियों ने लिया भाग**

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के स्थापना दिवस पर मनाए जा रहे युवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत दो कॉलेजों में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

बुधवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज और श्री जगदीश स्वरूप सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पटियाली में निबंध प्रतियोगिता में चार दर्जन से अधिक छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। छात्र जीवन में शिक्षा का महत्व तथा दूसरा विषय शिक्षा हमारे जीवन में क्यों आवश्यक है पर निबंध का लेखन कराया गया। कार्यक्रम आयोजक नगर सोशल मीडिया प्रमुख अम्बुज द्विवेदी ने बताया कि शिक्षा का मानव जीवन में भोजन, हवा, पानी और पहनावे जैसा ही महत्व है। शिक्षा से मनुष्य में ज्ञान का प्रसार होता है। शिक्षा मनुष्य को बेहतर तरीके से जीवन जीने का मार्ग दिखाती है। इंसान की बुद्धि का विकास शिक्षा अर्जित करने से ही होता है। जीवन में आगे बढ़ने और सफलता प्राप्त करने में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका है। परिणाम 15 जुलाई को घोषित किए जाएंगे। 11 जुलाई को भाषण प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

विभाग प्रमुख सौरभ दीक्षित, रोशन शर्मा, शिक्षिका राखी, नीतू मिश्रा, सरस्वती शिशु मंदिर प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार, सत्यराम शर्मा, गोविंद मिश्रा, आदित्य कुमार, आकाश मिश्रा, शिवाकांत दलेला आदि कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं शिक्षकगढ़ मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**एटा, अमृत विचार:** जनपद फिरोजाबाद के जसराना थानान्तर्गत ग्राम झपारा निवासी उमेश चन्द्र पुत्र इन्द्रपाल सिंह को बुधवार को सुबह करीब 6 बजे यहां के मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। डाक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। मृतक के साथ आए भाई दीपक कुमार ने बताया कि उमेश मंगलवार की शाम अपने खेत पर गया था। देर शाम तक जब वह घर नहीं लौटा तो काफी तलाश की लेकिन पता नहीं लगा। बुधवार को सुबह गांव से करीब 500 मीटर दूर सड़क किनारे एक गड्ढे में पड़ा मिला। उसके शरीर पर चोट थी। उसको मेडिकल कालेज एटा लाए, जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

# कुकर फटने से खाना बना रही महिला झुलसी

**सहावर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव गणेशपुर में बुधवार की सुबह रसोई में खाना पकाते समय अचानक कुकर फट जाने से महिला झुलस गई। उसे परिजनों द्वारा जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया है। गणेशपुर गांव निवासी संदीप कुमार की पत्नी मीना बुधवार की सुबह 10 :30 मिनट पर रसोई में खाना पका रही थी। कुकर में सब्जी बन रही थी। अचानक कुकर तेज धमाके साथ फट गया। मीना गंभीर रूप से झुलस गई। उसे परिजन इलाज के लिए पहले सहावर सीएचसी पर लेकर पहुंचे जहां प्राथमिक उपचार के बाद मीना को बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल के लिए भेज दिया है।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष



निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

REQUIREMENT
आवश्यकता है
1. हॉस्पिटल सुपरवाइजर
2. कम्पाउंडर
3. वार्ड बॉय / वार्ड आया
4. हॉस्टल केयर टेकर महिला
5. कुक पुरुष/ महिला
6. नर्स/आयुर्वेदिक परिचारिका
7. स्टोर इंचार्ज
संपर्क करें
रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
सैक्टर-7 राम गंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली (उ.प्र.)
फोन नं. 8077808309, 9837357497

# सीडीपीओ ने मारा तीन आंगनबाड़ी केंद्रों पर छापा



आंगनबाड़ी केंद्र पर छापा मारने पहुंचे बाल विकास परियोजना अधिकारी सतीश चंद्र। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- **एक आंगनबाड़ी केंद्र बंद मिला, दो पर सहायिका मिलीं अनुपस्थित**
- **सहायिकाओं को दिया गया कारण बताओ नोटिस, शिकायत पर मारा छापा**

**अमृत विचार:** आंगनबाड़ी केंद्रों से धांधलेबाजी की शिकायतें जिला प्रशासन के पास पहुंच रही हैं। बुधवार को बाल विकास परियोजना अधिकारी ने तीन केंद्रों पर छापा मारा। एक आगंनबाड़ी केंद्र बंद मिला, दो आंगनबाडी केंद्रो पर सहायिका कार्यक्रत्री अनुपस्थित मिलीं। उन्हें कारण बताओ नोटिस देकर जवाब मांगा गया।

बाल विकास परियोजना अधिकारी सतीश चंद्र ने बुधवार को बोंदर, अलाउद्दीनपुर एवं तारापुर आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण किया। बोंदर का आगंनबाडी केंद्र सुबह 8:30 बजे तक बन्द मिला, अलाउद्दीन केंद्र पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री सुनीता देवी एवं सुनीता यादव मौजूद मिलीं। सहायिका के रूप में तैनात सुहागा देवी अनुपस्थित मिलीं। तारापुर केंद्र पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री नीलम मौजूद मिलीं, सहायिका रीना चौहान अनुपस्थित मिलीं। अनुपस्थित आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस का सही जवाब न मिलने पर मानदेय रोका जाएगा। सतीश चंद्र ने कहा कि केंद्रों का निरीक्षण जारी रहेगा। जिन केन्द्रों का निरीक्षण किया गया है उन केन्द्रों की आंगनबाडी कार्यकत्रियों पर राशन वितरण में धांधली तथा अनुपस्थित रहने के आरोप ग्रामीणों द्वारा लगाए गए थे।

## बेकाबू ट्रैक्टर पलटा, चालक की मौत, एक घायल

**जलेसर, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र में सटरिंग से भरी ट्रैक्टर-ट्राली बेकाबू होकर पलट गई। हादसे में चालक की मौत हो गई, जबकि एक मजदूर घायल हुआ है। जलेसर कोतवाली के सराय राजनगर निवासी बंटू (35) पुत्र रामेश्वरदयाल बुधवार को सुबह करीब 6 बजे ट्रैक्टर-ट्राली में सटरिंग भरकर ले जा रहा था। गांव नगला अन्नियां के समीप पहुंचा कि तभी बेकाबू होकर ट्रैक्टर-ट्राली पलट गई। बंटू की मौत हो गई, जबकि मजदूर घायल हो गया। उसको उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। पोस्टमार्टम कराया गया है।


मृतक बंटू

दूसरी घटना मलावन थाना क्षेत्र के गांव हाड़ई के पास की है। बताया गया है कि बागवाला के गांव कुंदनपुर निवासी जसवीर सिंह पुत्र रामअवतार सिंह और उसकी पुत्री लक्ष्मी व बेटा प्रशांत एक ही बाइक से हाडई गांव से दावत खाकर लौट रहे थे। तभी हाडई और गौशाला के समीप अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे तीनों घायल हो गए। उन्हें मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है।

# पुलिस ने दो अंतर्जनपदीय बदमाशों को पकड़ा, डीसीएम लूटकांड का खुलासा

## सात जुलाई को की लूटपाट, डीसीएम , 15 टन स्क्रैप, 2200 रुपए, दो मोबाइल बरामद किए

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार :** पिलुआ पुलिस, जनपदीय स्वॉट तथा सर्विलांस टीम ने दो अंतर्जनपदीय बदमाशों को गिरफ्तार कर पिलुआ क्षेत्र में 7 जुलाई को पीतल, लोहे के स्क्रैप भरी डीसीएम लूटकांड का खुलासा किया।

एसएसपी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि फिरोजाबाद के रसूलपुर थाना क्षेत्र के गांव रहीम नगर निवासी मुकीम कुरैशी ने 9 जुलाई को पुलिस में शिकायत की थी कि वह साथी सादाब निवासी पुराना रसूलपुर फिरोजाबाद के साथ 7 जुलाई को डीसीएम में 15 टन पीतल व लोहे का स्क्रैप भरकर मुजफ्फरनगर के लिए निकला था। गाड़ी रिषि उर्फ सुशील निवासी खेडाहेमा थाना एका फिरोजाबाद चला रहा था। गाड़ी में माल करीब 28 लाख का था। रिषि ने कमसान नहर पुल पर पिन्टू पुत्र महावीर निवासी ग्राम नगला मोती थाना एका फिरोजाबाद को क्लीनर बताकर साथ ले लिया।


पुलिस हिरासत में बदमाश, जानकारी देते एसएसपी राजेश कुमार सिंह।

रात में पिलुआ के गांव गुलाबपुर नेशनल हाईवे पर पहुंचे तो मोटर साइकिल सं-यूपी 86 एजे 5844 सवार तीन व्यक्तियों ने गाड़ी को रुकवा लिया। ड्राइवर रिषि व तीनों अज्ञात व्यक्ति मारपीट कर उनसे डीसीएम, उसका और उसके साथी सादाब का मोबाइल व करीब नौ हजार रुपये छीन कर भाग गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की और अभिषेक कुमार निवासी जिमिसपुर थाना सिकन्दराराऊ, पिंटू यादव निवासी नगला मोती थाना एका, फिरोजाबाद को गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों के कब्जे से डीसीएम गाड़ी, 15 टन माल, 2200 रुपए, 2 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।

एसएसपी ने बताया कि अभिषेक को कौशल ने फोन करके बुलवाया और अपने साथी रिषी उर्फ सुशील की सहायता से स्क्रैप से भरी गाड़ी को लूटने की योजना बनाई। जिसमें अनुज, संकेत भी शामिल थे। अभिषेक, अनुज व कौशल अपनी मोटर साइकिल सेगुलाबपुर नेशनल हाईवे पर पहुंचे और गाड़ी का इन्तजार करने लगे। जैसे ही गाड़ी चौथा मील पर आयी तो रिषी ने फोन करके अनुज को बताया जिसके बाद उन्होंने गाड़ी का पीछा किया।

गुलाबपुर के पास रिषी ने योजना के अनुसार गाड़ी को धीमा कर दिया जिससे उन्होंने गाडी को ओवरटेक किया। रिषी ने डीसीएम रोककर व्यापारी के साथ मारपीट कर स्क्रैप से भरी गाडी ले गये। क्लीनर पिन्टू यादव गाड़ी में बैठे बैठे ही अपने अन्य साथियों को गाड़ी की लोकेशन दे रहा था। सभी अभियुक्तों ने लूटे गये रुपयों को बांट लिया । सुशील उर्फ रिषि शातिर किस्म का व्यक्ति है उसने अपनी पहचान छुपाकर मनोज पुत्र रतन सिंह निवासी त्रिलोकपुरा जैखूआ थाना कुरावली जनपद मैनपुरी के नाम से डीएल व आधार कार्ड रखकर करीब 8 दिन पूर्व गाड़ी पर काम करना शुरू किया था।

## दस्त रोको अभियान के तहत टास्क फोर्स की बैठक

**अवागढ़, अमृत विचार:** बरसात के मौसम में फैलने वाली मौसमी बीमारियों के रोकथाम हेतु चलाए गए अभियान के अंतर्गत दस्त रोको अभियान की टास्क फोर्स की बैठक जलेसर के उप जिलाधिकारी राजकुमार मौर्य की अध्यक्षता में हुई।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर पवन शर्मा ने बताया कि मौसमी बीमारियां जोर पकड़ रही हैं जिसमें दस्त होने की शिकायते अधिक मिल रहीं हैं। इस बीमारी को रोकने के लिए हम सभी को खुले में शौच नहीं जाना चाहिए।

घरों के आसपास साफ सफाई रखें स्वच्छता अभियान चलाएं। बैठक में मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वह गांव-गांव एवं शहर के आबादी वाले मोहल्ले में इस संबंध में जानकारी दें।

अवागढ़ स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ बृजेश कुमार, शिव शर्मा, सुनील कुमार, राकेश कुमार, डॉ. नीरज शुक्ला आंगनबाड़ी केंद्र से उषा देवी, मंजू देवी आदि मौजूद थे।

# छत से गिरकर बालक समेत दो लोग घायल


छत से गिरकर घायल बालिका को मेडिकल कालेज लेकर पहुंची मां। ● अमृत विचार

**जैथरा, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के गांव ढकपुरा निवासी पवन कुमार (5 साल) पुत्र अभिराज सिंह मंगलवार की रात छत पर खेत रहा था, तभी अचानक छत से नीचे आ गिरा, जिससे उसको गंभीर चोटें आईं। बुरी तरह से घायल बालक को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। डाक्टर ने प्राथमिक उपचार देने के पश्चात हालत नाजुक देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

वहीं दूसरी ओर पिलुआ थाना क्षेत्र के ग्राम महाराजपुर निवासी बलवीर सिंह (27) पुत्र पीतम सिंह बुधवार को सुबह बारिश के दौरान दूसरी मंजिल पर कुछ करा रहा था, तभी उसका पैर फिसल गया और वह दूसरी मंजिल से नीचे आ गिरा। जिससे बुरी तरह घायल हुआ। उसको उपचार के लिए मेडिकल कालेज में दाखिल कराया गया। यहां से रेफर कर दिया गया है।

# दवा प्रतिनिधियों ने प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन एसडीएम को दिया

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** फेडरेशन ऑफ मेडीकल एंड सेल्स रिप्रजेंटेटिव एसोसिएशन ऑफ इंडिया और उत्तर प्रदेश उत्तराखंड मेडिकल सेल्स रिप्रजेंटेटिव के बैनरतले अपनी मांगों को लेकर बुधवार को दवा प्रतिनिधियों ने प्रधानमंत्री के नाम संबोधित एक ज्ञापन एसडीम सदर संजीव कुमार को सौंपा।

जिलाध्यक्ष प्रदीप यादव ने बताया कि ज्ञापन में केंद्र सरकार से बिक्री संवर्धन कर्मचारी सेवा की शर्तें अधिनियम 1976 की रक्षा करने, बिक्री संवर्धन कर्मचारियों के लिए वैधानिक कार्य नियम बनाने, फार्मा कंपनी में उनके काम का अधिकार सुनिश्चित करने, दवाओं और चिकित्सा उपकरणों की कीमतें कम करके जीएसटी हटाने, डेटा गोपनीयता को सुरक्षित रखने समेत अन्य मांगे शामिल की गई हैं। सेंट्रल कमेटी सदस्य राजेश वशिष्ठ, शाहिद खान, केके सक्सेना, आतिफ जीलानी, अभय तिवारी, जतिन शर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।


एसडीएम सदर संजीव कुमार को ज्ञापन देते दवा प्रतिनिधि। ● अमृत विचार

## सर्पदंश से किशोरी की मौत, मचा कोहराम

**एटा, अमृत विचार:** विकासखंड क्षेत्र के जलेसर सिकंदराराऊ मार्ग स्थित ग्राम नगला गोदी में उपले थापने गई किशोरी को सर्प ने डस लिया जिससे उसकी मौत हो गई।


मृतका निशा

नगला गोदी निवासी नरेश कुमार राजपूत की 14 वर्षीय बेटी निशा बुधवार को सुबह गांव के समीप गोबर के उपले थापने गई थी। इस दौरान सर्प ने उसको डस लिया। परिजन उसे स्थानीय चिकित्सालय एवं फिरोजाबाद ले गए थे, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका।

# बरात में जा रहे जीजा को साले ने मारी गोली

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार:** पिलुआ थाना क्षेत्र में मंगलवार की रात बरात में जा रहे जीजा को साले ने अपने साथियों के साथ मिलकर बंथल नहर पुल पर घेरकर हत्या के इरादे से दो गोली मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसको मेडिकल कालेज से हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

पिलुआ थाना क्षेत्र के गांव नगला सुंदर निवासी सुखवीर सिंह पुत्र रवेन्द्र सिंह ने बताया कि उनके भाई पंकज कुमार (28) की शादी पिलुआ के गांव नगला वेल निवासी निशा के साथ चार साल पहले हुई थी। कुछ साल तो सबकुछ ठीक ठाक रहा, बाद में मुनमुटाव हो गया, इसलिए निशा अपने मायके चली गई और एक साल से अपने मायके में ही रह रही है।


परिजनों से पूछताछ करते हुए सीओ। ● अमृत विचार

- **पत्नी रह रही मायके तभी से चल रहा ससुरालियों से विवाद**

इसी विवाद के चलते ससुरालीजनों ने सबक सिखाने की धमकी दी। बताया कि मंगलवार की रात करीब 9 बजे पंकज गांव के भतीजे संजीव की बरात में मिरहची के गांव कोयला बहादुर बाइक से जा रहा था। पिलुआ क्षेत्र के बंथल नहर पुल पर साले अजय कुमार, बुआ के लड़के देवेन्द्र और विजय, अवनीश, प्रदीप, शनि दो बाइकों पर आए और पंकज को दो गोलियां मारी, एक सीने में लगी, दूसरी बाह में, जिससे वह लहूलुहान हो गिर गया। क्षेत्राधिकारी और पिलुआ थानाध्यक्ष अनिल कुमार मौके पर पहुंचे। घायल को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। हालत नाजुक देखते हुए रेफर कर दिया है।

## गोष्ठी आयोजित कर आमजन को किया जागरूक

**एटा।** महिलाओं एवं बालिकाओं में स्वावलंबन एवं उनके प्रति होने वाले अपराधों में कमी लाने हेतु चलाए जा रहे ऑपरेशन जागृति 2.0 अभियान के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह द्वारा थाना मलावन क्षेत्र के कुंवर मनोहर सिंह इण्टर कॉलेज में छात्र एवं छात्राओं को जागरूक किया गया। इस दौरान किशोरावस्था में घर से चले जाने (इलोपमेंट) के सामाजिक, आर्थिक एवं मानसिक रूप से होने वाले नुकसानों के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही सोशल मीडिया के सुरक्षित प्रयोग, साइबर बुलिंग, साइबर फ्रॉड जैसे मुद्दों पर भी प्रकाश डाला गया। अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय सिंह कुशवाहा द्वारा भी अपना वक्तव्य दिया गया तदोपरांत छात्र छात्राओं से प्रश्न पूछते हुए उनका फीडबैक लिया गया।

## शिक्षिका के खिलाफ एफआईआर की मांग

**आगरा।** न्यू आगरा के कंपोजिट विद्यालय की शिक्षिका ऊषा सेंगर का एक वीडियो वायरल हुआ था। ये वीडियो सात जुलाई को गोरखपुर में शिक्षक गोष्ठी का था। शिक्षिका में हिंदू देवी देवताओं को अपमान किया। बुधवार को हिंदू महासभा की महिला पदाधिकारियों ने शिक्षिका के खिलाफ प्रदर्शन किया।

महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष मीना दिवाकर ने कहा कि शिक्षिका ने हिंदू धर्म को मानने वाली करोड़ों महिलाओं की भावनाओं को आहत किया है। हिंदू महासभा के राष्ट्रीय महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय जाट का कहना है कि जिन लोगों को भी सनातन धर्म से दिक्कत है, वो कहीं और जा सकते हैं। थाना प्रभारी ने आश्वासन दिया है कि अगर शिक्षिका के खिलाफ कहीं और एफआईआर दर्ज नहीं हुई होगी तो यहां पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। वहीं, शिक्षिका ने अपने बयान पर माफी मांगी है।

# तीसरे दिन भी 30 से ज्यादा ट्रेनें निरस्त

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार:** इज्जतनगर रेल मंडल में जगह-जगह जल जमाव और रेलवे ट्रैक बह जाने के कारण तीसरे दिन बुधवार को 30 से ज्यादा ट्रेनें निरस्त रहीं। टनकपुर पूर्णागिरी एक्सप्रेस इज्जतनगर स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट की गई। आगे जाने वाले अधिकतर यात्री बरेली जंक्शन और बरेली सिटी स्टेशनों पर ही उतर गए। बाद में ट्रेन को इज्जतनगर से ही दिल्ली के लिए शॉर्ट ओरिजनेट किया गया। रेल संचालन प्रभावित होने के कारण यात्री परेशान हो रहे हैं।



- **इज्जतनगर मंडल में जगह-जगह ट्रैक बहने से रेल संचालन प्रभावित**
- **टनकपुर पूर्णागिरी एक्सप्रेस इज्जतनगर स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट की गई**

रेल अधिकारियों के मुताबिक मंडल के लालकुआं यार्ड, बाजपुर, खटीमा, बीसलपुर, निगोही स्टेशन आदि स्थान बाढ़ प्रभावित हैं। इस वजह से 05329/05330 बरेली सिटी-पीलीभीत-बरेली सिटी, 05385/05386 बरेली सिटी-पीलीभीत-बरेली सिटी, 05339/05340 बरेली सिटी-पीलीभीत-बरेली सिटी, 05321/05322 बरेली सिटी-टनकपुर-बरेली सिटी, 05311/05312 बरेली सिटी-पीलीभीत-बरेली सिटी, 05062/05061 टनकपुर-मथुरा-टनकपुर और 05097/05098 टनकपुर-दौराई-टनकपुर, 05328 बरेली सिटी, 05327 लालकुआं अनारक्षित, 15073 सिंगरौली-टनकपुर एक्सप्रेस, 15074 त्रिवेणी एक्सप्रेस का संचालन निरस्त होने के कारण यात्रियों को परेशानी हुई। इज्जतनगर रेल मंडल के जनसंपर्क अधिकारी राजेंद्र सिंह के अनुसार मंडल की टीमें बाढ़ प्रभावित रेलवे परिक्षेत्र में कार्य कर रही हैं। हालात सामान्य होते ही ट्रेनों का संचालन बहाल किया जाएगा।

### दैनिक यात्रियों की भी मुश्किलें बढ़ गईं

इज्जतनगर रेल मंडल में अधिकतर पैसेंजर ट्रेनों का संचालन किया जाता है। बरेली सिटी और इज्जतनगर दोनों ही मंडल के प्रमुख स्टेशन हैं। यहां चलने वाली पैसेंजर ट्रेनों के निरस्त होने के कारण सबसे ज्यादा मुश्किल का सामना दैनिक यात्रियों को करना पड़ रहा है, जो बहेड़ी, पीलीभीत, लालकुआं, हल्द्वानी आदि स्टेशनों पर जंक्शन से प्रतिदिन आते जाते हैं।

## जमीन की रंजिश में युवक की लाठी-डंडों से पीटकर हत्या

संवाददाता, बंडा (शाहजहांपुर)

- **बंडा के गांव देवकली में मंगलवार रात की घटना, आरोपियों के घर पुलिस को चारपाई से बंधा मिला शव**

**अमृत विचार:** जमीन की रंजिश में आरोपियों ने युवक को लाठी डंडों से पीट पीटकर घायल कर दिया और चारपाई में बांधकर पुलिस को सूचना दे दी, लेकिन जब तक पुलिस पहुंची युवक दम तोड़ चुका था। मृतक के पिता ने सात लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

देवकली गांव में मंदिर के नाम से करीब आठ एकड़ जमीन है। इसी जमीन को लेकर गांव के ही राजवीर सिंह और दूसरे पक्ष के लोगों में विवाद चल रहा है। दो साल पहले मंदिर की जमीन का कब्जा छुड़वाने के लिए राजवीर ने अधिकारियों से शिकायत की थी, जिस पर जमीन को कब्जा मुक्त करा लिया गया था। इसी बात से आरोपी उससे व उसके परिवार से रंजिश मानने लगे। मंगलवार की शाम उसका पुत्र रवि प्रकाश(28) घर से खाना लेकर गांव में ही साधन सहकारी समिति पर बतौर चपरासी ड्यूटी करने गया। पिता का कहना है कि रात में किसी समय आरोपियों ने बेटे को लाठी-डंडों से पीटकर मौत के घाट उतार दिया और उसके शव को अपने घर लाकर चारपाई से बांध दिया। जिसके बाद आरोपियों ने ही डायल 112 को सूचना दी कि रवि उनके घर पर नशे में गाली-गलौज कर रहा है और आरोपियों ने उसे घर में बंद कर लिया है। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने पिता राजवीर को सूचना दी। पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी आरोपियों से जमीन को लेकर पुरानी रंजिश चल रही थी।

## सार-संक्षेप

### मथुरा के लिए प्रतिदिन ट्रेन चलाने की मांग

**बरेली।** मंडल रेल परामर्शदात्री समिति (डीआरयूसीसी) पूर्वोत्तर रेलवे भारत सरकार के सदस्य पंडित हरिओम गौतम ने मंडल रेल प्रबंधक रेखा यादव से भेंट कर ज्ञापन सौंपा। इसमें उन्होंने टनकपुर से मथुरा को चलने वाली 05062 ट्रेन को प्रतिदिन चलाने की मांग की है। ट्रेन का संचालन आगरा तक करने के लिए भी कहा है। तर्क दिया कि यह ट्रेन मथुरा पूर्वाह्न 11 बजे पहुंचती है और शाम 4 .55 पर वापस आती है। ऐसे में यह मथुरा जंक्शन पर ही छह घंटे खड़ी रहती है। उन्होंने 15056 रामनगर-आगरा फोर्ट को भी प्रतिदिन चलाने की मांग की है।

### पेड़ से टकराई कार, युवक की मौत

**आगरा।** एतमादुद्दौला निवासी रोहित (21) अपने चाचा राम लखन की शादी में शामिल होने खंदौली के खड़िया गांव आया हुआ था। रोहित के साथ उसके दो दोस्त वासुदेव और किशन साथ गए थे। सभी ने कार किराये पर ली थी। जिसे चालक शिवा चला रहा था। हादसे में रोहित की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि किशन, वासुदेव और चालक शिवा गंभीर रूप से घायल हो गये। थाना प्रभारी राकेश चौहान ने बताया कि कार स्पीड में थी। जिस कारण कंट्रोल में नहीं हो पाई।

### विवाहिता की मौत, हत्या का आरोप

**फिरोजाबाद।** थाना रामगढ़ क्षेत्र में एक गर्भवती महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने पीट-पीटकर हत्या करने को आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मोहल्ला उर्दू नगर निवासी हिना (22) गर्भवती थी। उसका पति ईंट भट्टे पर मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। उसे दिक्कत होने पर 100 शैया अस्पताल में भर्ती करा दिया था। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों ने हत्या का आरोप लगया है। पुलिस ने सुसरालीजनों से भी जानकारी जुटाई है। अभी इ स मामले में केस दर्ज नहीं किया है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## नवोदय विद्यालय में पौधारोपण से किया अभियान आरंभ


नवोदय विद्यालय में पौधारोपण करते सीडीओ अवधेश कुमार वाजपेयी।

**एटा, अमृत विचार:** रोटरी क्लब द्वारा दस हजार पौधे लगाने के अभियान का आंरभ सीडीओ अवधेश कुमार वाजपेयी ने जवाहर नवोदय विद्यालय बीगोर में पौध लगाकर किया। इस दौरान 1500 पौधे लगाकर की गयी। इसमें अमरूद, आँवला, सहजन, इमली, पीपल, जंगल जलेबी, नींबू, जामुन के पौधों का रोपण प्रमुख रूप से किया गया। प्रधानाचार्य राजकिशन शर्मा ने मुख्य अतिथि अवधेश कुमार वाजपेयी का गुलदस्ता देकर स्वागत किया और जिला उद्यान अधिकारी डॉ. सुनील कुमार को गुलदस्ता देकर रोटरी क्लब एटा के अध्यक्ष नीरज गुप्ता ने स्वागत किया। कार्यक्रम संयोजक सनी जैन (डॉयरेक्टर रोटरी क्लब एटा) ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद किया।रोटरी क्लब एटा के कोषाध्यक्ष साजन देव वार्ष्णेय, अनुज गुप्ता, चंद्र मोहन वार्ष्णेय, अनंत गुप्ता, प्रशांत गुप्ता उर्फ चिंटू, अमर कोशल्यान व स्कूल स्टाफ मे एच आर सिंह, विजेयता शर्मा, ज्योति जैसवाल, स्नेहादर्शी, सरिता यादव, वैदेही सोनी और नूही रजा शामिल हुए।

कार्यक्रम | ऑपरेशन जागृति की टीमों ने स्कूलों में विद्यार्थियों को किया जागरूक

# बच्चों को बताए साइबर हिंसा, अपराध पहचानने के तरीके

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** जिला पुलिस द्वारा यूनिसेफ के सहयोग से समाज में महिलाओं बालिकाओं व युवतियों की सुरक्षा तथा सम्मान एवं वैचारिक व्यावहारिक परिवर्तन के लिए ऑपरेशन जागृति' फेज-2 अभियान संचालित किया जा रहा है। बुधवार को ऑपरेशन जागृति की टीमों ने कई विद्यालयों में विद्यार्थियों को साइबर हिंसा एवं साइबर अपराध पहचानने के लिए जागरूक किया। उन्हें महिला सुरक्षा एवं कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।


विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को जागरूक करती मिशन जागृति की टीम।

- **छात्राओं को महिला सुरक्षा एवं महिला कल्याण योजना की दी जानकारी**

सदर कोतवाली क्षेत्र में महिला थाना पुलिस द्वारा शहर के द्रोपदी देवी जाजू सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज जागरूकता कार्यक्रम हुए। इसके अलावा ढोलना के गांव जखेरा के नेशन इंटर कॉलेज, सोरों के बदरिया स्थित कमला इंटर कॉलेज, श्रीभागीरथी इंटर कॉलेज, अमांपुर के सर्व हितकारी इंटर कॉलेज गांव बाछमई, थाना सहावर के दीनदयाल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रजपुरा, श्रीमती रूपवती वर्मा इंटर कॉलेज शेखपुर नर्रई। माँ गंगा देवी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरसवा, थाना सुन्नगढी गांव गनेशपुर भटान, थाना पटियाली के गांव श्रीनगला, एमएमएन इंटर कॉलेज भरगैन, मुन्नी देवी राजकुमार सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रम्पुरा, थाना सिढपुरा के गांव मोईद्दीनपुर, शंकर सिंह उत्तर माध्यमिक विद्यालय विकास नगर सिढ़पुरा, कोतवाली गंजडुंडवारा के नेहरू स्मारक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करमपुर, आरवी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगला राधे चिरौला एवं सिद्धार्थ इंटर कॉलेज नगला चंदनन जन चौपाल लगाकर जागरूकता कार्यक्रम हुए। साथ ही गांवों में रैली निकालकर लोगों को वैचारिक परिवर्तन के लिए जागृत किया।

युवक व युवतियों के प्रेम संबंधों के चलते घर से पलायन के बाद होने वाले परिणामों के बारे में बताया। साथ ही अभियान के दो अन्य बिंदु महिलाओं के प्रति होने वाली हिंसा तथा साइबर हिंसा एवं साइबर अपराध की पहचान कर उनसे बचाव के तरीके के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक किया। कानूनी सहायता के बारे में बताया। महिला सुरक्षा से संबंधित संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों-112, 1076, 1090, 1930, 1098, 102, 108 की जानकारी दी गई।

# 72 नवनियुक्त लेखपालों को दिए नियुक्ति पत्र


लेखपाल को प्रमाण पत्र देते हुए विधायक विपिन वर्मा डेविड व डीएम प्रेम रंजन सिंह।

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लोकभवन सभागार, लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान नव चयनित लेखपालों को नियुक्ति पत्र वितरण एवं सम्बोधन का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह, विधायक सदर विपिन वर्मा डेविड, जिलाध्यक्ष संदीप जैन, द्वारा जनपद एटा हेतु चयनित 72 राजस्व लेखपालों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। एडीएम वित्त एवं राजस्व आयुष चौधरी , समस्त तहसीलदार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण, नव चयनित लेखपाल मौजूद रहे।

